
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



गाने के टीजर में दिखी......

लंदन फाइल्स के ....

वर्ष : 12 | अंक : 34 | लखनऊ, 25 जनवरी, रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

गुवाहाटी। गुवाहाटी में स्थित दो स्कूलों को बम से उड़ाए जाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने



जांच शुरू कर दी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या अन्य स्कूलों को भी इसी तरह ईमेल के जरिये धमकी मिली थी। शुक्रवार को मिलीं दो धमकियां झूठी साबित हुईं। अधिकारी ने बताया कि हम यह पता लगा रहे हैं कि ईमेल कहां से भेजे गए थे। अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है।

### महाराष्ट्र में जीएसटी अधिकारी की मौत

बीड। महाराष्ट्र के बीड जिले में एक जीएसटी अधिकारी के मौत के मामले ने पूरे इलाके को झकझोर



कर रख दिया है। अधिकारी का शव कार में संदिग्ध स्थिति में बरामद हुआ। मामले में मृतक अधिकारी की पत्नी का कहना है कि दफ्तर में लगातार मानसिक उत्पीड़न और निजी जीवन में मिल रही धमकियों के कारण उनके पति टूटकर आत्महत्या कर ली।

### ट्रक और ऑटोरिक्शा में टक्कर, तीन की मौत

झांसी। यूपी के झांसी में ट्रक और ऑटोरिक्शा रिक्शा के बीच टक्कर के कारण तीन लोगों की मौत हो



गई जबकि 10 से अधिक लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान कैरोखर की निवासी जानकी (18), पंडित सीता रमैया (55) और नारायण दास (50) के रूप में हुई है। सभी लोग एक मांगलिक कार्यक्रम से वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी गुरसराय के निकट यह दुर्घटना हुई। रिक्शा में बच्चों समेत 16 लोग सवार थे।

### सरहिंद में रेलवे की आउटर लाइन पर ब्लास्ट

सरहिंद। गणतंत्र दिवस से पहले पंजाब में रेल लाइन पर धमाका



हुआ है। शुक्रवार रात करीब नौ बजे सरहिंद रेलवे स्टेशन की एक आउटर लाइन पर इंजन के गुजरने के दौरान धमाका हुआ। रात करीब 11 बजे इसकी सूचना राजकीय रेलवे पुलिस को दी गई। हमले में एक लोको पायलट के घायल होने की भी सूचना है। जीआरपी ने मामला

### गोलीबारी के आरोप में कमाल गिरफ्तार

मुंबई। 'केआरके' के नाम से मशहूर अभिनेता कमाल राशिद खान को यहां पश्चिमी उपनगर में



एक आवासीय इमारत पर हुई गोलीबारी की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। खान को शुक्रवार देर रात पूछताछ के लिए ओशिवारा थाने लाया गया था। अभिनेता ने अपने बयान में अपने लाइसेंसी हथियार से दो गोलियां चलाने की बात स्वीकार की।

## लखनऊ में शनिवार को यूपी दिवस पर बोले गृहमंत्री अमित शाह

# उत्तर प्रदेश को बताया देश की धड़कन- आत्मा 15 लाख करोड़ की योजनाएं जमीन पर उतरीं



राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

राजधानी लखनऊ में शनिवार को यूपी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर चलने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे। उन्होंने यहां लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि 15 अगस्त 2047 को देश की आजादी का शताब्दी वर्ष होगा। यूपी विकसित उत्तर प्रदेश बनेगा। यूपी भारत की धड़कन और आत्मा है। भारत के विकास का इंजन है, और विकसित भारत का भी इंजन बनेगा। यह श्रीराम, कृष्ण, शिव, बुद्ध की धरती है। प्रेरणा स्थल पर पहली बार आया हूं।

■ 'जय श्री राम' और 'भारत माता की जय' के नारे भी लगाए

यहां तीन महान विभूतियों की मूर्ति लगी है। यह स्थल राष्ट्र की जागृत का स्थल बनेगा। यह दशकों तक देश को दिशा देगा। 65 एकड़ में पहले कूड़े का पहाड़ था। भाजपा सरकार ने कूड़े को कंचन में बदला है। शाह ने 'जय श्री राम' का जयकारा लगाकर अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने 'भारत माता की जय' के भी नारे लगाए।

### लखनऊ में शनिवार को यूपी दिवस पर कार्यक्रम हुआ। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर 3 दिनी कार्यक्रम के पहले दिन केंद्रीय गृहमंत्री शाह पहुंचे

**3** दिनी कार्यक्रम के पहले दिन शाह ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया

यह श्रीराम, कृष्ण, शिव, बुद्ध की धरती



संबोधन के दौरान गृहमंत्री शाह के साथ सीएम योगी और उपमुख्यमंत्री

**यूपी देश के विकास का इंजन भी बन रहा**

लोगों को जोर से शाह के साथ नारे लगाए। मोदी जी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है। योगीजी ने यूपी को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। 15 अगस्त, 2047 को जब देश की आजादी की सदी मनाई जाएगी, तब यूपी विकसित बनेगा। विकसित भारत का अहम राज्य है। यूपी भारत की धड़कन और आत्मा है। देश के विकास का इंजन भी बन रहा है।

### 5 जिलों को सम्मानित किया

भाजपा सरकार ने कूड़े को कंचन में बदला है। सीएम युवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 जिलों को सम्मानित। युवाओं को ऋण देंगे की व्यवस्था, 1.30 लाख युवाओं को करोड़ों का ऋण दिया है। शुभांशु शुक्ला, अलख पांडेय, सुधांशु सिंह, रश्मि आर्य को सम्मान। हरिओम पंवार को भी सम्मानित करने का मौका मिला है। लंबे समय से सुनता आया हूं। इससे लोगों को अच्छा करने का अवसर मिलेगा।

### ओडीपीओ से वैश्विक पहचान मिलेगी

शाह ने शनिवार को उत्तर प्रदेश में 'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना की शुरुआत की। इसका मकसद राज्य के 'एक जिला-एक उत्पाद' कार्यक्रम की तर्ज पर हर जिले के पारंपरिक खाने-पीने की खास चीजों को एक अलग पहचान देना है। ओडीओसी योजना की शुरुआत उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान की गई। ओडीओपी योजना ने उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में मदद की है। शाह ने विधानसभा चुनाव की बात करते हुए कहा कि मैं 2017 को याद करूंगा। यूपी का घोषणा पत्र बना रहा था। इसमें ओडीओपी को शामिल किया।

### सरदार पटेल योजना की शुरुआत भी की

शाह ने सरदार पटेल योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह 10 खराब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में काफी उपयोगी होगी। यूपी का हर जिला रोजगारयुक्त होगा। देशभर में जाने वाले को यूपी में रोजगार की व्यवस्था होगी। अपने माता-पिता की सेवा करें।

### परिवारवादी पार्टियां कल्याण नहीं कर सकतीं

शाह ने कहा कि अगला साल चुनाव का साल है। यूपी के विकास के लिए प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएं। परिवारवादी पार्टियां यूपी का कल्याण नहीं कर सकती हैं। भाजपा ही कर सकती है। मोदी, योगी ने विकास का सर्वश्रेष्ठ दिया है। डिफेंस कॉरिडोर, एक्सप्रेसवे, हाईवे दिए। भ्रष्टाचार समाप्त किया। गरीब के लिए योजनाएं आईं।

### योजनाओं से कृषि विकास दर बढ़ेगी

शाह ने कहा पीएम के नेतृत्व में सीएम योगी ने योजनाओं को जमीन पर उतारा। कांग्रेस, सपा, बसपा ने बीमारू राज्य को ब्रेक थ्रू राज्य बनाया है। ये कृषि विकास दर बढ़ाने में अहम हैं।

## थरूर बोले- कभी नहीं छोड़ा पार्टी का रुख

# ऑपरेशन सिंदूर पर अपने बयान के लिए कभी नहीं मांगूंगा माफी



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि उन्होंने संसद में कभी भी पार्टी के रुख का उल्लंघन नहीं किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सैद्धांतिक रूप से उनकी एकमात्र सार्वजनिक असहमति ऑपरेशन सिंदूर को लेकर थी। थरूर केरल लिटरेचर फेस्टिवल में आयोजित एक सत्र के दौरान सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर उन्होंने सख्त रुख अपनाया था और वह इस अब भी बिना किसी पछतावे के इस रुख पर कायम हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब इस तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं कि पार्टी नेतृत्व के साथ उनके मतभेद चल रहे हैं। इन अटकलों में यह भी शामिल है कि कोच्चि में हुए एक हालिया कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से उन्हें पर्याप्त महत्व न दिए जाने और राज्य के नेताओं की ओर से कई बार उन्हें किनारे लगाने की कोशिशों से वे नाराज हैं।

### पहलगाम आतंकवादी हमला सख्त कार्रवाई हो

अपने रुख को स्पष्ट करते हुए थरूर ने कहा कि एक पर्यवेक्षक और लेखक के रूप में उन्होंने पहलगाम की घटना के बाद एक अखबार में लेख लिखा था। उस लेख में उन्होंने कहा था कि बिना सजा दिए इस मामले को नहीं छोड़ा जाना चाहिए और इसके जवाब में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई पर कहा

- भारत का मुख्य ध्यान विकास पर है और उसे पाक के साथ लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष में नहीं फंसना चाहिए।
- अगर कार्रवाई हो, तो वह केवल आतंकवादी ठिकानों तक ही सीमित रहनी चाहिए।
- उन्हें हैरानी हुई कि भारत सरकार ने वही कदम उठाए, जिनकी उन्होंने सिफारिश की थी।

### भारत को सर्वोपरि रखना चाहिए

उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने ही वह प्रसिद्ध सवाल उठाया था- अगर भारत मर गया, तो कौन जिएगा? थरूर ने कहा कि जब भारत की प्रतिष्ठा दांव पर हो, जब भारत की सुरक्षा और दुनिया में उसकी जगह का सवाल हो, तब भारत सबसे पहले आता है। उन्होंने यह भी कहा कि बेहतर भारत के निर्माण की प्रक्रिया में राजनीतिक दलों के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन जब राष्ट्रीय हितों की बात हो, तो भारत को सर्वोपरि रखना चाहिए।

## बार काउंसिल के चुनाव पर दिया फैसला

# एससी-एसटी अधिवक्ताओं के लिए इसमें सीटें आरक्षित नहीं की जाएंगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़े फैसले में राज्य बार काउंसिल और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चुनावों में एससी- एसटी अधिवक्ताओं के लिए सीटें आरक्षित करने के निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने जोर दिया कि एसे आरक्षण को न्यायालय द्वारा जारी परमादेश के बजाए विधायी संशोधन से ही लागू किया जा सकता है। पीठ ने मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी।

### सीजेआई बोले- बहुत देर कर दी...

### न्यायिक हस्तक्षेप की सीमाओं को रेखांकित किया

सीजेआई की पीठ ने पेशेवर निकायों के भीतर सकारात्मक कार्रवाई से संबंधित मामलों में न्यायिक



हस्तक्षेप की सीमाओं को रेखांकित किया। यह फैसला यूनिवर्सल डॉ. आंबेडकर एडवोकेट्स एसोसिएशन द्वारा दायर रिट के जवाब में आया, जिसमें हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व या उपयुक्त कानून बनने तक अंतरिम उपाय जैसे सीट आरक्षण की मांग की गई थी।

## भट्ट और बेटी पर करोड़ों की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

मुंबई। फिल्म निर्माता विक्रम भट्ट एक बार फिर कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। विक्रम भट्ट और उनकी बेटी कृष्णा भट्ट के खिलाफ वर्सोवा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पिता-पुत्री पर एक कारोबारी ने 13.5



करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पुलिस में दर्ज शिकायत में आरोप लगाया गया है कि दोनों ने कारोबारी से फिल्म और अन्य बिजनेस में इन्वेस्ट करने पर भारी लाभ का वादा करके रकम ली थी। मामला दर्ज होने के बाद आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने जांच का जिम्मा संभाल लिया है। व्यापारी ने भट्ट द्वारा किए गए वादे के बाद लाभ न मिलने पर पुलिस में शिकायत की। व्यापारी ने कहा कि विक्रम और कृष्णा ने उन्हें भारी मुनाफे का आश्वासन देकर निवेश करने के लिए प्रेरित किया, लेकिन अपने वादे पूरे नहीं किए।

## गणतंत्र दिवस पर दिखेगा 'ऑपरेशन सिंदूर'



नई दिल्ली। इस बार का गणतंत्र दिवस कुछ खास दिखाई देगा। इसमें सेना का शौर्य 'ऑपरेशन सिंदूर' दिखाई देगा।

## माघ मेले प्रयाग में गूंजा 'नर्मदे हर', वाटर वुमेन लोगों में जल संरक्षण की अलख दे रहीं

# गंगा-यमुना-सरस्वती संगम पर मां नर्मदा का दिव्य समन्वय

## नदियों को संस्कृति, आस्था और पर्यावरण संरक्षण की साझा धरोहर बताया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

संगमनगरी प्रयागराज में आयोजित माघ मेले के दौरान अध्यात्म और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। गंगा-यमुना-सरस्वती के पावन त्रिवेणी संगम पर जहां सैकड़ों शिविर, विशाल पंडाल, अखाड़े लगे हुए हैं, उनके साथ ही एक ओर मां नर्मदा की आध्यात्मिक उपस्थिति भी श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है।

जल संरक्षण की अलख जगा रहीं वाटर वुमेन शिप्रा पाठक द्वारा माघ मेले में स्थापित पर्यावरण शिविर में नित्य 'नर्मदे हर' का जाप गूंज रहा है। शिविर में स्थापित मां नर्मदा की दिव्य प्रतिमा, जिसे मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के वगरई ग्राम के कुशल शिल्पकारों द्वारा निर्मित किया गया है, श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र है। प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं एवं कल्पवासियों की निरंतर भीड़ उमड़ रही है।



### देशभर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पाठक ने 2018 में मां नर्मदा की पैदल परिक्रमा कर जल संरक्षण का संकल्प लिया था। इसी आध्यात्मिक यात्रा के दौरान उन्होंने यह विचार किया कि जल संरक्षण का संदेश केवल एक नदी तक सीमित न रहकर पूरे देश में फैलना चाहिए। मां नर्मदा के आशीर्वाद से उन्होंने गोमती, शिप्रा सहित अयोध्या से रामेश्वरम पैदल चलकर लगभग 13 हजार किलोमीटर की दिव्य पदयात्रा कर देशभर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। माघ मेले में भी शिप्रा ने सैकड़ों संतों के साथ पर्यावरण पद यात्रा निकालकर हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

### पर्यावरण शिविर समन्वय का प्रतीक बना

माघ मेले में स्थापित यह पर्यावरण शिविर गंगा-यमुना-सरस्वती के त्रिवेणी संगम के साथ मां नर्मदा के समन्वय का प्रतीक बन गया है। यह शिविर यह संदेश दे रहा है कि देश की सभी नदियां हमारी संस्कृति, आस्था और पर्यावरण संरक्षण की साझा धरोहर हैं। अध्यात्म के माध्यम से पर्यावरण चेतना का यह प्रयास माघ मेले में विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है।





### पाठक पावन संगमधरा पर कल्पवास कर रहीं

पाठक इन दिनों प्रयागराज की पावन संगमधरा पर कल्पवास कर रही हैं। उनके शिविर में मां नर्मदा की विधिवत स्थापना कर प्रतिदिन भोग अर्पण एवं प्रसाद वितरण किया जा रहा है। संगम क्षेत्र में कल्पवास कर रहे अनेक संत-महात्मा भी मां नर्मदा के दर्शन हेतु शिविर में पहुंच रहे हैं।

# ग्रीन बिल्डिंग्स अभियान बनें जन-आंदोलन: डॉ. राजेश्वर सिंह ने दी हरित निर्माण को नई दिशा

## प्रकृति का गर्व बनें हमारा शहर: डॉ. राजेश्वर सिंह का ग्रीन बिल्डिंग्स पर भावुक आह्वान

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शनिवार को होटल ग्रैंड जेबीआर, गोमती नगर में लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित ह्लट्रांसफॉर्मिंग रियल एस्टेट इन उत्तर प्रदेश थ्रू ग्रीन बिल्डिंग्सह्व विषयक सम्मेलन में सहभागिता की। अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि ग्रीन एनर्जी अब विकल्प नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यावरणीय संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज वायु प्रदूषण, गिरता भूजल स्तर और बढ़ता अदक भविष्य के लिए गंभीर चेतावनी हैं। उन्होंने बताया कि विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष 70 लाख से अधिक लोगों की असमय मृत्यु वायु प्रदूषण के कारण होती है, जिनमें से लगभग 24 लाख भारत में हैं। उन्होंने अर्थ ओवरशूट डे का उदाहरण देते हुए कहा कि 1972 में यह दिन 26 दिसंबर था, जबकि अब यह अगस्त के पहले सप्ताह तक आ चुका है—जो यह दशार्ता है कि मानवता प्रकृति की क्षमता से कहीं अधिक उपभोग कर रही है। ग्रीन बिल्डिंग्स पर बल देते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि यह केवल तकनीकी समाधान नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन बनना चाहिए। उन्होंने कहा, ह्लहर नागरिक को यह गर्व होना चाहिए कि उसका घर, उसकी सोसायटी, उसका बाजार और उसका शहर ग्रीन है।ह्व उन्होंने बताया कि ग्रीन बिल्डिंग्स से 30-40 प्रतिशत ऊर्जा तथा 20-30 प्रतिशत जल की बचत संभव है। जब देश की लगभग 70 प्रतिशत इमारतें अभी बननी शेष हैं, तब यह सही समय है कि ग्रीन कंस्ट्रक्शन को मुख्यधारा बनाया जाए। उन्होंने सरकार से अधिक कर छूट, कम ब्याज दर पर ऋण, ऋअफ में बढ़ोतरी और संपत्ति कर में रियायत जैसे प्रोत्साहनों को और मजबूत करने का आग्रह किया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने ग्रीन बिल्डिंग कोड को अपनाकर देश में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 1 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित हो चुकी है और 22,000 मेगावाट का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो भारत के नेट जीरो 2070 संकल्प के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि नीति, नियमन और राजनीतिक इच्छाशक्ति, तीनों स्तरों पर सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट है। अपने क्षेत्र सरोजनीनगर के प्रयासों का उल्लेख करते हुए डॉ. सिंह ने बताया कि वहाँ 160 से अधिक तारा शक्ति केंद्रों के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त किया गया है। इन केंद्रों में 2000 से अधिक सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं और अब तक 30,000 से अधिक इको-फ्रेंडली स्कूल बैग तैयार कर प्राथमिक विद्यालयों में वितरित किए गए हैं, जिससे प्लास्टिक के उपयोग को कम किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके कार्यालय में सोलर हेल्प डेस्क संचालित है और लखनऊ की कुल 120 मेगावाट सौर क्षमता में से 60 मेगावाट से अधिक अकेले सरोजनीनगर में स्थापित की जा चुकी है।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, दहेज हत्या का आरोप, पति समेत चार पर मुकदमा

अमन लेखनी समाचार



मृतका निधि फाइल – फोटो

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के तिलसुआ गांव में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। मृतका के मायके पक्ष ने दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार तिलसुआ गांव निवासी निर्देश शर्मा की पत्नी निधि (23) का शव शनिवार शाम उनके दो मंजिला मकान के कमरे में फंदे से लटका मिला। निधि की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व मलिहाबाद के बहेलिया गांव निवासी सुरेश शर्मा की बेटी से हुई थी। मृतका आठ माह की गर्भवती बताई जा रही है। मृतका के पिता सुरेश शर्मा ने मलिहाबाद पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा उनकी बेटी को दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज की मांग पूरी न होने पर पति निर्देश शर्मा, जेठ संजय कुमार, जेठानी मोनी और जेठानी अंजली समेत अन्य परिजनों ने मिलकर उनकी बेटी की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया। सुरेश शर्मा के अनुसार शुक्रवार को दामाद निर्देश उनकी बेटी को मायके से विदा कराकर ससुराल लेकर गया था। शनिवार शाम करीब पांच बजे निधि ने फोन कर अपने परिजनों को आपबीती बताई और घर के सभी सदस्यों से बात की थी। इसके बाद शाम करीब सात बजे ससुराल पक्ष की ओर से सूचना दी गई कि निधि ने आत्महत्या कर ली है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पिता की तहरीर पर पति निर्देश शर्मा, जेठ संजय कुमार, जेठानी मोनी और जेठानी अंजली के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बालिग युवती पर नाबालिग युवक को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार /संवाददाता

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के ग्राम सहिजनपुर निवासी एक नाबालिग युवक आकाश संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक की उम्र करीब 17 वर्ष 11 माह बताई जा रही है, जो पीटीसी इंडस्ट्री में कार्यरत था। परिजनों के अनुसार आकाश बीती रात नौकरी पर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने इसकी सूचना थाना बंथरा पुलिस को दी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवक सरोजनीनगर क्षेत्र की रहने वाली अपने से उम्र में बड़ी एक युवती के बहकावे में आकर उसके साथ फरार हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि नाबालिग की तलाश की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही युवक को बरामद कर लिया जाएगा।

# सहिजनपुर मार्ग आवागमन से हुआ जर्जर, फ्लाईओवर निर्माण भी कछुए की चाल से

अमन लेखनी समाचार / संवाददाता

लखनऊ। बंथरा क्षेत्र के हरौनी से डीआरडीओ मार्ग होते हुए सहिजनपुर रेलवे क्रॉसिंग से सहिजनपुर गांव तक बनी डामर सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे पिछले लगभग दो वर्षों से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद न तो लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के जिम्मेदार अधिकारी कोई सुध ले रहे हैं और न ही कोई जनप्रतिनिधि सड़क मरम्मत को लेकर गंभीर नजर आ रहा है। कागजों में विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल विपरीत है। सड़क की बदहाल स्थिति स्थानीय लोगों के लिए रोजमर्रा की मुसीबत बन चुकी है। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भी जोखिम भरे हालात में सफर करना पड़ रहा है। उधर, हरौनी रेलवे क्रॉसिंग पर निमार्णाधीन फ्लाईओवर का कार्य भी रेलवे विभाग के अड़ियल रवैए से कछुवे की चाल से फ्लाईओवर के लिए गर्डर खिसकाने का कार्य कई दिनों से चल रहा है। जिसमे मसीन ना होने के कारण बाधित है जिस से संबंधित अधिकारी आवश्यक सर्वे कार्य को गति दे रहे हैं। स्थिति यह है कि रेलवे फाटक अक्सर अनावश्यक रूप से लंबे समय तक बंद है जिससे सहिजनपुर मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। केवल पैदल यात्री ही किसी तरह निकल पाते हैं, जबकि वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसा प्रतीत होता है कि जनता की समस्याओं से संबंधित विभागों को कोई सरोकार नहीं है। स्थानीय लोगों में बढ़ती नाराजगी अब धीरे-धीरे उबाल पर पहुंच रही है, और यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

# विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप, बीडीओ से की गई शिकायत

अमन लेखनी समाचार



ज्ञापन सौंपते संगठन के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह

लखनऊ। माल विकासखंड की ग्राम पंचायत तिलन में विकास कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं और भेदभाव के आरोप सामने आए हैं। शनिवार को इस संबंध में सांस्कृतिक गौरव संस्थान के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ह्यतिलनह्व ने लेटर पैड पर ज्ञापन जारी कर खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) माल को सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत तिलन में नाली, सड़क सहित अन्य बुनियादी विकास कार्यों को मतदान के आधार पर कराया जा रहा है। जिन मोहल्लों में वर्तमान ग्राम प्रधान असलम को अपेक्षित वोट नहीं मिले, वहां जानबूझकर विकास कार्य नहीं कराए जा रहे हैं, जबकि उन क्षेत्रों में सुविधाओं की आवश्यकता अत्यंत गंभीर बनी हुई है। यह स्थिति पंचायत के कई मोहल्लों में देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अनेक स्थानों पर नालियों का निर्माण न होने से वर्षा और घरेलू जल की निकासी बाधित हो रही है। इसके कारण गलियों में जलभराव, कीचड़ और गंदगी बनी रहती है, जिससे आमजन का आवागमन प्रभावित हो रहा है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। सांस्कृतिक गौरव संस्थान के जिलाध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत के सभी प्रभावित स्थलों का निष्पक्ष स्थलीय निरीक्षण कराया जाए और शीघ्र नाली निर्माण सहित आवश्यक विकास कार्यों की स्वीकृति दी जाए। साथ ही विकास कार्यों में अपनाए जा रहे भेदभावपूर्ण रवैये पर तत्काल रोक लगाते हुए जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# लखनऊ की सड़कों पर आज लहराएगा विशाल तिरंगा, दोपहर 1 बजे निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को राजधानी लखनऊ की सड़कों पर देशभक्ति का भव्य नजारा देखने को मिलेगा। दोपहर 1 बजे शहर में एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश देंगे। यह तिरंगा यात्रा सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र स्थित खठऊ खेल मैदान, ॠ7 चौकी, हसनपुर खेवली (अंसल अढक) से प्रारंभ होकर सुल्तानपुर रोड, ऌउछ तिराहा होते हुए पटेल पार्क, गोसाईगंज तक जाएगी। यात्रा के आयोजक एवं समाजसेवी सूरज प्रधान ने बताया कि इस भव्य आयोजन की तैयारियां बीते दो माह से लगातार की जा रही थीं। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों के साथ-साथ युवा, महिलाएं, समाजसेवी एवं गणमान्य लोग सहभागिता करेंगे। तिरंगा यात्रा के दौरान प्रतिभागी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारों से पूरे क्षेत्र को देशभक्ति के रंग में रंग देंगे। यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक मजबूत करना तथा राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं सुरक्षा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर गरीबों को बांटे गए कंबल

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज।सुशांत गोल्फ सिटी स्थित प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन मंदिर अध्यक्ष अंसुल निगम के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राहुल राज रस्तोगी (क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र), पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीकृष्णा लोधी, ब्लॉक प्रमुख गोसाईगंज विनय वर्मा डिंपल, नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा भाजपा नेता वीरेंद्र रावत, शंभूनाथ पांडेय, राजकुमार वर्मा, समाजसेवी अरुण प्रताप सिंह, समाजसेविका गुंजन सिंह, नवनीत तिवारी एवं प्रिंस की भी विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन मुन्नू निगम ने किया, जिन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। अतिथियों की मौजूदगी में लगभग तीन सौ गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए।

# सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ग्रुप केंद्र में शनिवार को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन व विदेश मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तवर्धन सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन से की गई। इस दौरान कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक, मध्य क्षेत्र सीआरपीएफ अनिल कुमार, उप महानिरीक्षक रेंज लखनऊ एसएन मिश्रा और उप महानिरीक्षक ग्रुप केंद्र बिजनौर चित्त रंजन महापात्रा के अलावा कई अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे। यह समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई दिल्ली से बटन दबाकर देश के 45 केंद्रों पर कुल 61 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाने की कड़ी में आयोजित किया गया। जिसके तहत बिजनौर सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में दीप प्रज्वलन के बाद मुख्य अतिथि द्वारा 573 से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक चित्त रंजन महापात्रा ने मुख्य अतिथि और गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मंत्री कीर्तवर्धन सिंह ने मौजूद युवाओं को संबोधित कर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए केंद्र सरकार की विकासशील कार्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से देश की विकास धारा से जुड़कर लगन, मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ लखनऊ के कमांडेंट सुदेश कुमार ने मंत्री कीर्तिवर्धन व सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह के समापन की घोषणा की।

# महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर पुलिस टीम ने जन-जागरूकता चलाया अभियान

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर सरोजनीनगर थाने की पुलिस टीम ने शनिवार को पराग रोड व एलडीए कालोनी क्षेत्र में जन-जागरूकता अभियान चलाया। मिशन शक्ति 5.0 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में पिंक बूथ संख्या-15 की टीम ने क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं और बालिकाओं से सीधा संवाद किया तथा उन्हें सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं, कानूनी अधिकारों और साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों की जानकारी दी। अभियान में महिला हेड कांस्टेबल अराधना देवी व देव कुमारी ने करीब 20 से 30 महिलाओं और बच्चों को महिला सुरक्षा केंद्रों, मिशन शक्ति योजनाओं तथा आत्मनिर्भर बनने के उपायों के बारे में जागरूक किया। इस दौरान पंपलेट वितरित कर हेल्पलाइन नंबरों 1090 (महिला पावर लाइन), 112 (आपात सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन) और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) के उपयोग की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने महिलाओं को यौन उत्पीड़न, दहेज, घरेलू हिंसा जैसे कानूनों से अवगत कराया और आपात स्थिति में तत्काल सहायता लेने के तरीके बताए। साथ ही राज्य व केंद्र सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्त्वपूर्ण पहल है, जिसके तहत लखनऊ कमिश्नरेट के 54 थानों पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर निरीक्षक, अतिरिक्त निरीक्षक, उपनिरीक्षक और महिला उपनिरीक्षक की तैनाती कर महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है।

# शिव शक्ति धाम देवलोक मंदिर के 6 वर्ष पूर्ण, भव्य भंडारे का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के रूपनगर मंजरे माधवपुर स्थित शिव शक्ति धाम देवलोक मंदिर के स्थापना के छह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, बढ़-चढ़कर शामिल हुए। ग्रामीणों ने बताया कि शिव शक्ति धाम देवलोक में हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना छह वर्ष पूर्व पूर्वजों के आशीर्वाद से की गई थी। तब से यह मंदिर क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मंदिर से लोगों की गहरी श्रद्धा जुड़ी है, जिसके चलते हर वर्ष स्थापना दिवस पर विशेष आयोजन किया जाता है। भंडारे के आयोजन में संयोगी के रूप में जयेंद्र पाल (जेपी), शिवा पाल, धीरज पाल, ध्रुव पाल सहित कई लोगों ने सहयोग किया। कार्यक्रम में नैमिषशरण आश्रम के फलाहारी बाबा लक्ष्मण दास जी भी उपस्थित रहे। इसके अलावा मोनू पाल, रिकू पाल, कमलेश पाल, कमल पाल, शकील साहब, नसीर भाई, अशुतोष श्रीवास्तव, डॉ. देवेश, डॉ. नरेश पटेल, निलेश, शिवानंद, सुजीत श्रीवास्तव सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ।

# न्यायालय के आदेश की अवेहलना, निर्माण रोकने पर महिला से मारपीट

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के आम्रपाली आवासीय क्षेत्र में न्यायालय के स्पष्ट स्थगन आदेश की अवहेलना कर निर्माण कार्य कराने का प्रयास करने और महिला व उसकी बेटियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आम्रपाली रायबरेली रोड स्थित कुंती निवास निवासी संगीता पाण्डेय पत्नी ब्रिजेश पाण्डेय के अनुसार, 23 जनवरी 2026 की सुबह करीब पांच बजे आम्रपाली सोसाइटी में स्थित उस भूमि पर निर्माण कराया जा रहा था, जो अभिलेखों में पार्क के रूप में दर्ज है और जिस पर न्यायालय का स्थगन आदेश लागू है। पीड़िता का आरोप है कि जब उन्होंने निर्माण कार्य का विरोध किया तो राकेश कुमार पाण्डेय ने उनके साथ-साथ उनकी बेटियों से मारपीट की, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता और उसकी बेटियां दहशत में हैं। बताया गया है कि आम्रपाली सहकारी आवास समिति से जुड़ा यह भूमि विवाद पहले से ही न्यायालय में विचाराधीन है और विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद निर्माण कराने का प्रयास किया गया। पीजीआई पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# विवाहिता ने लगाया दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक की धमकी देने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आशियाना थाना इलाके में रहने वाली एक विवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक की धमकी देने का आरोप लगाया है ।आशियाना थाना इलाके स्थित शारदा नगर, रजनी खण्ड निवासी सबनाज पुत्र मोहम्मद उस्मान खान, पत्नी शादाब के अनुसार उसका निकाह बीते 19 दिसम्बर 22 को शादाब पुत्र जावेद निवासी मदीन पुरवा, थाना गौतमपल्ली लखनऊ के साथ मुस्लिम रीति रिवाजो से हुआ था । आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति और ससुराल वाले उसे कम दहेज लाने दे का ताना देते थे और मारपीट करते थे और ससुर जावेद उसके साथ अश्लील हरकतें भी करते थे, जबकि सास नजरीन उसे खाना नहीं देती थी और किचन में ताला लगा देती थी। वही पीड़िता का कहना था 22 अगस्त 2025 को ससुरालियों ने उसके संग मारपीट करने के साथ उसका मोबाइल छीन उसे बीच चौराहे पर नग्न अवस्था में मारने की धमकी 10 लाख रुपये दहेज मांग करने के साथ पति शादाब द्वारा उसे तीन तलाक की धमकी दे घर से भगा दिया।जिसके पश्चात उसके भाई ने उसे नई बस्ती सदर बाजार कैंट, लखनऊ में एक निजी अस्पताल में भर्ती करा पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर जानकारी दे स्थानीय आशियाना थाने में पति सहित ससुरालियों के खिलाफ नामजद लिखित शिकायत की है ?।पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

# बेखौफ चोरों ने घर के बाहर खड़ी कार किया चोरी, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र से शुक्रवार तड़के बेखौफ चोरों ने घर के बाहर खड़ी कार चोरी कर ली। जानकारी होने के बाद पीड़ित कार मलिक ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनी नगर के सेक्टर ई, एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड निवासी प्रदीप तिवारी के मुताबिक उनकी ग्रे रंग की सेंट्रो कार (यूपी 32 डीसी 0774) शुक्रवार तड़के चोरी हो गई। प्रदीप का कहना है कि कार पास में ही उनके भाई अनुराग तिवारी के मकान के बाहर खड़ी थी। सुबह करीब 4.30 बजे बाहर हलचल की आवाज सुनकर अनुराग तिवारी बाहर निकले तो कार गायब मिली। आसपास काफी खोजबीन की गई, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं लग सका।

# संक्षेप

## तीन युवकों पर युवती लगाया छेड़ छाड़ करने का आरोप

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत एक युवती ने तीन लोगों पर छेडछाड करने का आरोप लगाया है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गाँव से पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि वह बुधवार शाम अपनी पड़ोसी बहन से मिलने गयी थी। वह नित्यक्रिया जा रही थी तो मैं भी उसके साथ चली गयी। इसी बीच पहले से घात लगाए पप्पू पुत्र नजर मो० , मिथुन पुत्र नजर मो० व सोनू पुत्र निजाम ने अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की मेरे द्वारा शोर मचाने पर अन्य लोगो के आ जाने पर वे सभी भाग गए। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मामूली से विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट, आधा दर्जन घायल

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत कार के पहिये के नाली में चले जाने से दो पक्षो में जमकर मारपीट हो गयी। दोनो पक्षो से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने एक पक्ष का मुकदमा दर्ज कर लिया है जबकि दूसरा पक्ष न्याय की आस पर पुलिस के चक्कर लगा रहा। थाना क्षेत्र के गाँव मोहकमपुर में निवासी दक्ष पाण्डे पुत्र माया दीन पाण्डे ने तहरीर देकर बताया कि मंगलवार दोपहर वे अपनी कार से घर जा रहे थे तभी बीरेन्द्र बाजपेई कार का एक पहिया नाली में चला गया इस पर बीरेन्द्र पुत्र गिरजाशंकर गाली देने लगे मेरे द्वारा गाली देने से मना करने पर मुझे लाठी डंडो से मारने पीटने लगे तभी मुझे मार खाते देख मेरे बेटे आशीष पाण्डे, अभिषेक पाण्डे, बचाने आये तो बीरेन्द्र व उनके भाई गणेश, संजय व पुष्पेन्द्र सभी लोग मुझे व मेरे बेटे को लाठी, डंडा व लोहे की राड से मारने लगे। तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने तहरीर में नामित लोगो पर गाली गलौज व मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है जबकि दूसरे पक्ष से घायल गिरिजाशंकर ने बताया कि उनके भाइयों सहित उनको जमकर लाठी डंडों व राडो से मारपीटा गया लेकिन पुलिस द्वारा न तो हम लोगो का मेडिकल कराया गया न ही मुकदमा दर्ज किया जा रहा।

## पारिवारिक कलह के चलते युवक ने निगला जहरीला पदार्थ

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मीर नगर गांव निवासी एक युवक ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला प्रदार्थ निगल लिया ।हालत बिगड़ी देख परिजन उसे सीएचसी ले गए जहां उसकी गंभीर हालत होने पर डाक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया । कोतवाली क्षेत्र के मीर नगर गांव निवासी शिव प्रकाश ( 18 ) पुत्र राजकुमार का शनिवार सुबह किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद हो गया ।जिससे व्यथित शिवकुमार ने घर में रखा जहरीला प्रदार्थ निगल लिया ।हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई तो उसे पिता सीएचसी सफीपुर लेकर गए जहां डाक्टर ने उसकी गंभीर हालत देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# ऐतिहासिक विकास कार्यों के प्रणेता को वकीलों ने किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। अधिवक्ता एसोसिएशन बांगरमऊ के तत्वाधान में आज एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उच्च न्यायालय के माध्यम से जनहित याचिकाओं (PIL) द्वारा क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य कराने वाले प्रमुख समाजसेवी और वरिष्ठ अधिवक्ता फारूक अहमद को सम्मानित करने के साथ ही क्षेत्रीय भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार को भी सम्मानित किया गया। अधिवक्ता एसोसिएशन बांगरमऊ बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज से सम्बंधीकरण के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में तहसील क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर आंबापारा (कुर्मिन खेड़ा) निवासी उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा यश भारती सम्मान से सम्मानित प्रमुख समाजसेवी फारूक अहमद एडवोकेट को सम्मानित किया गया। विदित हो कि फारूक अहमद एडवोकेट ने पिछले लंबे समय से बांगरमऊ और आस-पास के क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं, जैसे जर्जर सड़कें, स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव, तहसील, रोडवेज बस अड्डा, सब रजिस्टर ऑफिस, शारदा नहर पर पुल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, और शिक्षा जैसे तमाम मुद्दों को मा० उच्च न्यायालय के समक्ष जनहित याचिका के माध्यम से पुरजोर तरीके से उठाने का कार्य किया। उनके इन विधिक और सामाजिक प्रयासों के फलस्वरूप क्षेत्र में कई बड़े विकास कार्यों को मा उच्च न्यायालय के निर्देश पर सरकारी मंजूरी मिली और वे धरातल पर उतरे, जिससे आम जनमानस को बड़ी राहत मिली है। ?क्षेत्रीय भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार ने भी फारूक अहमद एडवोकेट की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बिना कोई भेदभाव के क्षेत्र के विकास में अपनी पूरी ताकत लगाकर जो ऐतिहासिक कार्य कराए हैं वह सराहनीय हैं। इनके ऐतिहासिक कार्यों को देखते हुए लोग इन्हें विकास पुरुष के नाम से जानते हैं। विधायक ने कराए गए विकास कार्यों को गिनाने के साथ ही क्षेत्र के विकास में अपना पूरा सहयोग देने का वादा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट सत्यपाल ने कहा कि फारूक अहमद न केवल एक कुशल अधिवक्ता हैं, बल्कि वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझते हैं। वकीलों के समुदाय के लिए यह गर्व का विषय है कि उनके बीच का एक साथी कानून की शक्ति का उपयोग जनकल्याण के लिए कर रहा है। अधिवक्ता एसोसिएशन के पदाधिकारियों और साथी वकीलों ने फारूक अहमद एडवोकेट को फूलों के हार पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर अधिवक्ताओं ने उनके समर्थन में नारेबाजी की और उन्हें 'विकास का नायक' बताया। एसोसिएशन की ओर से उन्हें एक विशेष स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना की गई। अपने संबोधन में भावुक होते हुए फारूक अहमद एडवोकेट ने कहा, ₹यह सम्मान मेरा नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था और उन सभी लोगों का है जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। जनहित की यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। मेरा उद्देश्य कोई राजनीति नहीं, बल्कि कानून के दायरे में रहकर अपने क्षेत्र को पिछड़ेपन से मुक्ति दिलाना है।₹ उन्होंने कहा कि बांगरमऊ में संचालित ग्राम न्यायालय के आर्थिक अधिकार 25 हजार से बढाकर 5 लाख रुपये तक करने के लिए उन्होंने उच्च न्यायालय इलाहाबाद के मुख्य न्यायाधीश को भी पत्र लिखा है। ?इस अवसर पर तहसील के अधिवक्ताओं में सत्यपाल एडवोकेट, बाल नारायण एडवोकेट, अनिल वर्मा एडवोकेट, सत्यनारायण कन्नौजिया, अजीत द्विवेदी, योगेश कुमार एडवोकेट, मुजम्मिल अहमद, मनोज गौतम, सुधीर कुमार मिश्रा ₹सिद्धू मिश्रा₹, आदि ने भी फारूक अहमद एडवोकेट की प्रशंसा करते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किये। वक्ताओं ने बांगरमऊ को जिला बनाये जाने की भी मांग की। इस कार्यक्रम में अधिवक्ताओं के साथ ही गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भारी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में फारूक अहमद के ऐतिहासिक प्रयासों की सराहना की। इस कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी फजलुर्रहमान किया।

# उम्मीद परियोजना के अंतर्गत परिवार नियोजन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों का सम्मान समारोह हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। परिवार नियोजन की सेवाओं की पहुंच तथा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के मार्ग दर्शन में मोबियस फाउंडेशन की वित्तीय सहायता से पापुलेशन फाऊंडेशन आफ इंडिया द्वारा जिला महिला चिकित्सालय सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शनिवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मातृ शिशु, स्वास्थ्य परिवार नियोजन की बैठक की गई। जिसमें मातृ शिशु, मृत्यु दर और कुपोषण के स्तर का काम किया जा सकता है। उक्त बातें मुख्य चिकित्साधिकारी ने जनपद में उत्कर्ष कार्य करने वाले कर्मचारी एवं अधिकारियों के सम्मान समारोह में कहीं। वहीं परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कर्ष कार्य करने वाले चिकित्सकों स्वास्थ्य कर्मियों और सहयोगी संस्थाओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि पहला बच्चा होने के बाद तुरंत गर्भ धारण मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति से उचित नहीं है। इस स्थिति से बचने के लिए दंपति को प्रेरित कर परिवार नियोजन का मनपसंद साधन उपलब्ध करवाना चाहिए और अस्थाई साधन जैसे कंडोम छाया इमरजेंसी पल्स आदि की उपलब्धता सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक आयुष्मान आयोग मंदिर के माध्यम से भी सुनिश्चित कराई जा रही है। नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन आयु कद और प्सोड़ की सुविधा इच्छुक जनपद की प्राप्त कर सकते हैं। परिवार पूरा होने पर नसबंदी का विकल्प चुना जा सकता है। वहीं सम्मानित हुए डॉ नरेन्द्र सिंह, डां अखिलेश विक्रम, डां निधि, डां पीयूष मिश्रा, धीरेन्द्र कुमार शशिधर फार्मासिस्ट, शैलेन्द्र मिश्रा, बीसीपीएम इसहाक अली, आशा अनीता, जमुना देवी, विजय कुमारी, कमलेश, सुनीता, स्टाफ नर्स प्रीति बल, सुमति, एएनएम अमृता, सीएचओ मनीषा, पूनम आदि सम्मिलित किए गए। वहीं मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ फौजिया अंजुम नोमानी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन कर उत्कर्ष कार्य करने वाले कर्मी आगे भी सम्मानित किए जाएंगे। वहीं कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक इंतजार अहमद सिद्दीकी, जिला कम्युनिटी प्रबंधक ज्योति भूषण पांडेय, डॉ आरिफ आदि लोग मौजूद रहे।

# साइकिल व बाइक की आमने सामने भिड़ंत, साइकिल सवार अधेड़ घायल

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिल्हौर मार्ग स्थित जगत नगर गांव के निकट तेज रफ्तार बाइक और साइकिल की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई.भिड़ंत इतनी भीषण थी कि साइकिल के परखच्चे उड़ गए और साइकिल सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया.वही घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया. घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने परिजनों को दी.मौके पर पहुंची पत्नी ने घायल अवस्था में पति को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची.जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भूड्डा गांव निवासी रमेश पुत्र जुधी उम्र 50 वर्ष आज शुक्रवार शाम चार बजे किसी काम से बांगरमऊ गया था.जहां से वापस घर लौट रहा था इसी दौरान बिल्हौर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने सामने से टक्कर मार दी.टक्कर इतनी भीषण थी कि साइकिल के परखच्चे उड़ गए और साइकिल सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया.

जिसे सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है ।घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है ।वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# तेज रफ्तार डंपर ने मवेशियों को रौंदा, किशोर घायल, तीन घंटे लगा जाम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवई गांव में शनिवार दोपहर नवई गांव निवासी शिवम 10 वर्ष पुत्र राजाराम अपने आधा दर्जन मवेशियों को घर से खेतों की ओर चराने के लिए ले जा रहा था। जब वह अजगैनझमोहान मार्ग स्थित नवई बाबाकुटी के पास पहुंचा, तभी पीछे से मोहान की ओर से अजगैन आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने मवेशियों को रौंद दिया ।हादसे में तीन मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन मवेशी गंभीर रूप से घायल होकर मरणासन्न स्थिति में हैं। दुर्घटना में मवेशी ले जा रहा किशोर शिवम भी घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। मवेशियों की मौत की सूचना मिलते ही परिजन, ग्रामीण और राहगीरों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने अजगैनझमोहान मार्ग पर कंटीली झाड़ियों से सड़क पर जाम लगा दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना पर अजगैन और हसनगंज पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे मुआवजे और कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे ।इसके बाद हसनगंज क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को विधिक कार्रवाई और हर संभव मदद का आश्वासन दिया, जिसके बाद लोग शांत हुए और जाम खुलवाया गया। इस दौरान मार्ग करीब तीन घंटे तक बाधित रहा। मौके पर पशु चिकित्साधिकारी लखनापुर अनूप कुमार सिंह टीम के साथ पहुंचे और मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम कर जेसीबी की मदद से सड़क किनारे दफन कराया गया। वहीं, हादसे के बाद भाग रहे डंपर को पुलिस ने चालक सहित कठेरवा फाटक के पास पकड़ लिया और वाहन को कब्जे में लेकर कोतवाली ले गई ।सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि डंपर और चालक को हिरासत में लेकर मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कृषक श्रमिक चौपाल का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील की ग्राम पंचायत पाटन में विकसित भारत जी राम जी जन जागरण अभियान कृषक श्रमिक चौपाल मैं मुख्य अतिथि के रूप में जिले के सांसद डॉ साक्षी महाराज जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी भगवंत नगर विधायक आशुतोष शुक्ला ब्लॉक प्रमुख योगेश बाजपेई सहित अन्य गण मन व्यक्ति मंच पर उपस्थित रहे जिनका ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप चौधरी ने माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया वहीं महाराज जी ने विकसित भारत की उपलब्धियां गिनाते हुए राम नाम के अद्भुत महत्व के बारे में भी बताया और जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जनता को जानकारी दी कहां जब तक भाजपा की सरकार है तब तक बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान को आंच नहीं आने देंगे साथ ही प्रधानमंत्री आवास



सहित कई योजनाओं के प्रमाण पत्र भी बांटे वहीं क्षेत्र के विधायक आशुतोष शुक्ला ने चौधरी देवकीनंदन की जन्मभूमि पाटन को नमन करते हुए अपने विचार व्यक्त करते हुए पाटन में एक बारात साल की घोषणा भी की जिससे लोगों के चेहरे खिल उठे।

# जननायक कपूर्री ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी गई श्रंद्धाजलि

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जनपद में अपनी जनता पार्टी द्वारा पिछड़े, दलित व गरीब वर्गों के मसीहा जननायक कपूर्री ठाकुर जी की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन पार्टी के जिलाध्यक्ष संदीप कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष महादेव कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।जयंती समारोह के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने जननायक कपूर्री ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जननायक कपूर्री ठाकुर के विचारों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया गया ।कार्यक्रम का संचालन मुखिया सविता द्वारा किया गया। समारोह में जिला सचिव राहुल कुशवाहा, महिला मोर्चा अध्यक्ष रोशनी राव अंबेडकर, विधानसभा अध्यक्ष बांगरमऊ राजकुमार गौतम, जिला मीडिया प्रभारी अनुज कुमार, गोकुल प्रसाद सविता ( आवास विकास उन्नाव ) सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।इसके अलावा अमित कुशवाहा, राम गुलाम यादव, आशीष कश्यप, नितिन शर्मा, सौरव सोनी, अभय शंकर सविता, सोनू सविता, स्वतंत्र कुशवाहा, शिवबालक कुशवाहा, श्रीपाल कुशवाहा, नन्हा कुशवाहा, अरुण गौतम, चंद्र कुमार विमल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।कार्यक्रम के अंत में संगठन की एकजुटता और जननायक कपूर्री ठाकुर के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

# अनियंत्रित बाइक लोहे के संकेतक बोर्ड से टकराई, तीन युवकों की मौत

अमन लेखनी समाचार



अनुराग, मृतक    राहुल, मृतक    सौरभ, मृतक

पुरवा, उन्नाव। थाना क्षेत्र के ग्राम गदरोवा के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर लोहे के संकेतक बोर्ड से टकरा गई। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों एक ही बाइक से लखनऊ अपनी मौसी के घर भंडारा कार्यक्रम में जा रहे थे। उन्होंने हेलमेट भी नहीं पहना हुआ था ।रास्ते में नदी के पुल के पास अंधे मोड़ पर हादसा हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों उछल कर 10 फीट दूर जा गिरे। करीब आधे घंटे तक तड़पते रहे। फिर वहां से गुजर रहे लोगों की उन पर नजर पड़ी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। तक तब दो युवक दम तोड़ चुके थे। तीसरे को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

मृतकों में एक तीन दिन पहले ही पिता बना था। रविवार को उसकी नवजात बेटी की छठी थी। एक की अप्रैल में शादी होनी थी। घटना जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गदोरवा गांव के पास की है ।भंडारे में शामिल होने मोहनलालगंज जा रहे थे उन्नाव जिले के बीघापुर थाना क्षेत्र के अढ़ोली गांव निवासी अनुराग (31) पुत्र रमेश कुमार अपनी मौसी के घर मोहनलालगंज में आयोजित भंडारे में शामिल होने के लिए रात करीब 10 बजे निकला था। उसके साथ उसका ममेरा-मौसेरा भाई राहुल पाल (26) निवासी बेसनखेड़ा और सौरभ गौतम (25) निवासी तौरा भी थे। तीनों अपाचे बाइक से जा रहे थे। दो की मौके पर मौत, एक ने रास्ते में दम तोड़ा जब बाइक अचलगंज-पुरवा रोड पर गदोरवा गांव में लोन नदी के पास बने पुल और अंधे मोड़ के नजदीक पहुंची, तभी तेज रफ्तार के कारण बाइक बेकाबू हो गई। सड़क किनारे लगे लोहे के संकेतक बोर्ड से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनुराग और राहुल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सौरभ सड़क पर तड़पता रहा ।हादसे के बाद धमाके जैसी तेज आवाज हुई हादसे की तेज आवाज सुनकर पास पड़ोस के लोग दौड़ कर आए। ग्राम प्रधान प्रफुल्ल पटेल भी मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही कोतवाल अमरनाथ यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घायल सौरभ को एम्बुलेंस से सीएचसी पुरवा भिजवाया गया। सीएचसी पुरवा में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर तपन गुप्ता ने सौरभ गौतम को भी मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मोबाइल के जरिए मृतकों के परिजनों को सूचना दी। हादसे की खबर मिलते ही तीनों के घरों में मातम छा गया। है। वही सूचना मिलते परिजनअस्पताल पहुंचे। अस्पताल परिसर में चीख-पुकार मच गई। थाना प्रभारी पुरवा ने बताया आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# दुकान में लगी आग भैंस की जलकर मौत, दो मासूम झुलसे


अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अन्तर्गत रंजिशन परचून की दुकान में आग लगाये जाने से छप्पर सहित उसके नीचे बंधी भैस की जलकर दर्दनाक मौत हो गयी जबकि उसके दो बच्चे झुलस गए। जब तक आग को काबू पाया गया तब तक हजारों का सामान जलकर राख हो गया। थाना क्षेत्र के चौड़ा का पुरवा में प्रमोद कुमार पुत्र गिरिधारी परचून की दुकान चलाते है। उनके अनुसार बीती रात्रि उनकी दुकान पर मोबियाईल छिड़क कर आग लगाने का प्रयास किया गया आग न लगने पर डीजल छिड़क आग लगायीं गई। दुकान से सटे छप्पर में जल्दी आग पकड़ लेने से उसकी नीचे बंधी भैस व उसके दो बच्चे आग की चपेट में आ गए जिससे 60 हजार की कीमत की भैंस की जलकर दर्दनाक मौत हो गयी जबकि उसके बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए साथ ही 12 कुंटल भूसा व अन्य सामान जल कर खाक हो गए । परिजनों के सचेत हो जाने से आग परचून की दुकान तक नही पहुँच पाई। फायर ब्रिगेड के पहुचने से पहले ग्रामवासियों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया। दुकानदार प्रमोद के द्वारा रंजिशन अज्ञात लोगों के द्वारा आग लगाए जाने की तहरीर चौकी बक्सर को दी गयी जिस पर चौकी प्रभारी राजेन्द्र मिश्रा घटनास्थल पर पहुँच सुरागकशी में लगे रहे।

# इलेक्ट्रानिक वाहनों के लिए बनाए जायेगे अत्याधुनिक चार्जिंग प्वाइंट

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे बाराती खेड़ा गांव के पास और रेवरी टोल प्लाजा के निकट इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अत्याधुनिक चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे। इसके लिए स्थान चिह्नित कर मैसर्स एटलस कंपनी को 20 लाख रुपए का मिट्टी भरान का ठेका दिया गया है। जिन्होने मिट्टी भरान का कार्य शुरू करा दिया गया ।चार्जिंग प्वाइंट के निर्माण से न केवल इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि लंबी दूरी तय करने वाले यात्रियों को रेंज की चिंता से भी निजात मिलेगी। यहां यात्रियों के ठहरने, खाने पीने के लिए कैंटीन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जहां वे वाहन चार्ज होने के दौरान विश्राम कर सकेंगे ।यूपीडा के एक्सईएन राजेश तिवारी ने बताया कि एक्सप्रेसवे की दोनों लेन पर एक एक चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे। इन चार्जिंग प्वाइंट पर फास्ट चार्जिंग की सुविधा होगी, जिससे एक समय में आठ से दस इलेक्ट्रिक कारें चार्ज की जा सकेंगी। इससे कम समय में वाहन चार्ज होकर यात्रियों का सफर सुगम होगा। उन्होंने बताया कि मिट्टी भरान का ठेका मेसर्स एटलस कंपनी को दिया गया है, चार्जिंग प्वाइंट अडानी कंपनी को मिला है जो छः माह में बनाकर कंपलीट करेंगे।

# एसपी ने किया गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल का निरीक्षण

## शाहजहांपुर पुलिस लाइन में दिए अनुशासन और तालमेल बनाने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, आगामी 77वें गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के तहत पुलिस लाइन में परेड की रिहर्सल की गई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने शनिवार को इस रिहर्सल का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी द्विवेदी ने परेड में शामिल सभी टुकड़ियों की ड्रिल, मार्च-पास्ट, मूवमेंट, परेड विन्यास, ड्रेस व वेशभूषा, हथियार धारण करने का तरीका और बैंड टुकड़ी की तालमेल क्षमता का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने परेड की प्रत्येक गतिविधि को गंभीरता से परखा। एसपी ने निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस परेड में शत-प्रतिशत अनुशासन और तालमेल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक टुकड़ी अपनी लाइन, मार्च टेम्पो और कमांड पर विशेष ध्यान दे। सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए एसपी ने परेड ग्राउंड की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और वीआईपी मूवमेंट के लिए सभी प्रबंध पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समारोह में भाग लेने वाले विद्यालयों, एनसीसी, स्काउट गाइड और अन्य प्रतिभागियों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखने को भी कहा। एसपी ने कहा कि पुलिस लाइन में पुलिस के सभी अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने अपने-अपने स्तर से तैयारियों की समीक्षा की। जनपद पुलिस द्वारा परेड स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, मंच व्यवस्था, ध्वजारोहण, आपातकालीन चिकित्सा और संचार प्रणाली सहित सभी आवश्यक तैयारियाँ लगभग पूरी कर ली गई हैं। परेड में भाग लेने वाली सभी टुकड़ियाँ आगामी फाइनल रिहर्सल और मुख्य समारोह के लिए पूर्णतः तैयार हैं।

## सम्पादकीय

# प्रदूषण पर अब छोटे शहरों को भी सतर्क होना होगा

जिस कश्मीर को सदियों से धरती का स्वर्ग कहा जाता रहा है, वहां की हवा आज लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल बना रही है। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में वायु प्रदूषण का स्तर पिछले 7 वर्षों में सबसे खराब स्थिति में पहुंच चुका है। बुधवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 308 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस स्तर की हवा में सांस लेना लगभग चार सिगरेट पीने के बराबर है। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि उस खतरे का संकेत है, जो अब पहाड़ों, झीलों और हरियाली से घिरे शहरों तक भी पहुंच चुका है। एयर मॉनिटरिंग डेटा यह बताता है कि जनवरी में श्रीनगर की वायु गुणवत्ता लगातार खराब रही। वर्ष 2019 के बाद 2026 को श्रीनगर का सबसे प्रदूषित वर्ष माना जा रहा है, जहां औसत एक्यूआई 159 रहा। इतनी तेजी से गिरती वायु गुणवत्ता यह दर्शाती है कि यदि अब भी सतर्क नहीं हुए तो छोटे और पहाड़ी शहर भी महानगरों जैसी प्रदूषण त्रासदी झेलने को मजबूर होंगे। अब तक वायु प्रदूषण को दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे महानगरों की समस्या माना जाता रहा है, लेकिन श्रीनगर में बढ़ता प्रदूषण इस धारणा को तोड़ता है। प्राकृतिक सुंदरता, कम औद्योगीकरण और अपेक्षाकृत कम जनसंख्या के बावजूद श्रीनगर का इस स्तर तक प्रदूषित होना गंभीर चेतावनी है। दिल्ली की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी का एक्यूआई 339 दर्ज किया गया, जो लगातार 'बहुत खराब' श्रेणी में बना हुआ है। दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा समेत देश के कई राज्य गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं। हालांकि, हरियाणा में दिल्ली की तुलना में वाहनों की संख्या कम होने के कारण वहां प्रदूषण का स्तर अपेक्षाकृत कम देखा जाता है। यह तुलना साफ तौर पर बताती है कि वाहनों की बढ़ती संख्या प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण बन चुकी है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सर्वोच्च न्यायालय को यह स्पष्ट किया है कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा योगदान वाहनों से होने वाले उत्सर्जन का है। इसके बावजूद, अक्सर पराली जलाने को ही प्रदूषण का मुख्य कारण ठहराया जाता है। यह सच है कि पराली जलाना एक समस्या है, लेकिन यह मौसमी और सीमित समय तक प्रभाव डालती है, जबकि वाहनों से निकलने वाला धुआं पूरे वर्ष शहरों की हवा को जहरीला बनाता रहता है। प्रदूषण में सुधार के लिए सीएमक्यूएम ने 15 दीर्घकालिक उपायों की सिफारिश की है। इनमें वाहनों को इलेक्ट्रिक, सीएनजी या अन्य ग्रीन फ्यूल पर स्थानांतरित करना प्रमुख है। प्रदूषण केवल स्वास्थ्य संकट नहीं है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने विश्व आर्थिक मंच में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रदूषण का प्रभाव, भारत पर लगाए गए किसी भी टैरिफ के प्रभाव से कहीं अधिक गंभीर है। उनका यह बयान इस सच्चाई को उजागर करता है कि पर्यावरणीय गिरावट की आर्थिक लागत दीर्घकाल में विकास दर, श्रम उत्पादकता और स्वास्थ्य व्यय पर भारी बोझ डालती है। आज जरूरत है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ठोस और प्रभावी नीतियां लागू करें। छोटे शहरों में भी एयर मॉनिटरिंग नेटवर्क को मजबूत किया जाए, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाए और लोगों को जागरूक किया जाए कि प्रदूषण से लड़ाई सामूहिक प्रयास से ही जीती जा सकती है।



# मनोरंजन की आड़ में अश्लीलता स्वीकार्य नहीं

विचार
डॉ. संजय शुक्ला

देश और दुनिया में छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी समृद्ध लोककला, परंपरा और संस्कृति है। यह राज्य जनजातीय लोकनृत्य और संस्कृति के नाम पर मशहूर है लेकिन वहीं के आदिवासी अंचलों में कथित तौर पर बार बालाओं के अश्लील डांस ने इस विरासत को शर्मसार किया है। राज्य के आदिवासी बहुल गरियाबंद और सूरजपुर में बीते दिनों मनोरंजन के नाम पर हुए अश्लील डांस के विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सियासत और सोशल मीडिया में काफी खलबली मच गई। विडंबना यह कि सूरजपुर में जहां यह आयोजन सरकारी रेस्ट हाऊस में हुआ वहीं गरियाबंद के उरमाल गांव में हुए अश्लील डांस के दौरान जिले के एसडीएम और पुलिस कर्मी अर्धनग्न बार बालाओं पर पैसे उड़ाते देखे गए। सोशल मीडिया पर वायरल विडियो को देखें तो गरियाबंद जिले में हुए अश्लील डांस ने नग्नता और फूहड़ता की सारी हदें लांघ दी। इधर इस खबर को लेकर जहां विपक्ष सत्तारूढ़ दल पर लगातार हमलावर रही वहीं सोशल मीडिया पर यूजर्स सत्तारूढ़ पार्टी पर तंज कसते नजर आए। राज्य सरकार ने मामले पर फौरी कार्रवाई करते हुए गरियाबंद जिले में अश्लील डांस करने वाले डांसर तथा कार्यक्रम आयोजकों को गिरफ्तार कर लिया है वहीं इस आयोजन की अनुमति देने और डांसरों पर नोट उड़ाने वाले एसडीएम व तीनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। दूसरी ओर सूरजपुर के रेस्ट हाउस में हुए अश्लील डांस पर वहां के डिप्टी रेंजर और फारेस्ट गार्ड को निलंबित कर दिया गया है।

बहरहाल छत्तीसगढ़ में मनोरंजन या सांस्कृतिक कार्यक्रम के आड़ में अश्लील डांस का यह कोई पहला वाकया नहीं है बल्कि पहले भी ऐसे भौंडे आयोजन होते रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार के समय भी महेन्द्रगढ़ - चिरमिरी-भरतपुर जिले के खड़गंवा में दशहरा उत्सव में रावण दहन के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में लड़कियों के बोल्ड डांस के दौरान नेता और जनता डांसरों पर नोट उड़ाते देखे गए थे। तब विपक्षी दल भाजपा ने डांस के दौरान बैठे सत्तारूढ़ दल के विधायक और नेताओं से सवाल किया था यह कौन सी संस्कृति और गांधीवाद है? इसके जवाब में तब के थाना प्रभारी ने जवाब दिया था कि वहां अश्लील डांस नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ी नाच हो रहा था। अलबत्ता थानेदार के दावे की पोल इस कार्यक्रम की वायरल वीडियो खोल रही थी जिसमें डांसरों के कपड़े और भाव- भंगिमा अत्यंत आपत्तिजनक थे। बहरहाल छत्तीसगढ़ जैसे संस्कृति और लोककला संपन्न राज्य में ऐसी अपसंस्कृति और अश्लीलता को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता बल्कि सरकार और प्रशासन को इस दिशा में सख्ती बरतने की जरूरत है। विचारणीय है कि देश में मनोरंजन और कॉमेडी के नाम पर सिनेमा और टेलीविजन से लेकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में जिस तरह से अश्लीलता और फूहड़ता परोसी जा रही है उसने मनोरंजन और कला के मायने को ही बदल कर रख दिया है। भारत एक धार्मिक और संस्कृति धर्मी देश है लेकिन यहां के धार्मिक नगरों और मेलों में भी अश्लील कार्यक्रम आयोजित करने के मामले सामने आए हैं। इसी साल धर्मनगरी मथुरा के एक होटल में न्यू ईयर के मौके पर पोर्नस्टार सनी लियोन का कार्यक्रम आयोजित था जिसे धार्मिक संगठनों के विरोध के बाद रद्द कर दिया। बीते साल प्रयागराज के धार्मिक मेले में हिंदी और भोजपुरी गानों पर जमकर अश्लील डांस हुआ था जिस पर बवाल मचा था। अलीगढ़ के खेरेश्वर धाम मंदिर में देवछठ मेले में रशियन लड़कियों के फूहड़ डांस पर भी विवाद हुआ था। अलबत्ता देश के विभिन्न राज्यों में धार्मिक मेलों के दौरान आस्था पर अश्लीलता का तड़का लगने की फेहरिस्त काफी लंबी है जो सीधे तौर पर प्रशासनिक उदासीनता का उदाहरण है।

मनुष्य हमेशा से कलाप्रेमी और संस्कृति धर्मी रहा है जिसके जीवन में त्योहार, नृत्य और उत्सव के रंग समाहित रहे हैं। विज्ञान के विकास के साथ ही कला और मनोरंजन के क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है तथा इसके साधन बदलते गए।अतीत पर गौर करें तो देश में मनोरंजन का क्षेत्र शहरी और ग्रामीण परिवेश में बंटा हुआ था लेकिन टेलीविजन और इंटरनेट के प्रसार ने बहुत हद तक इस खाई को पाट दिया है। एक दौर वह था जब शहरों में मनोरंजन के केंद्र सिनेमा, थिएटर, मीना बाजार, रेडियो होता था तो ग्रामीण परिवेश में नाचा- गम्मत, मेला- मड़ई, विभिन्न त्योहारों पर होने वाले लोकनृत्य और गीत लोगों के जीवन में रस घोलते थे। साहित्य और गीत की विधा में कवि सम्मेलन और आर्केस्ट्रा भी लोगों का मन बहलाते थे।

सत्तर के दशक में टेलीविजन की दस्तक के साथ ही मनोरंजन के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आया। अलबत्ता भारत में दूरदर्शन के एकाधिकार तक टेलीविजन एक स्वस्थ पारिवारिक मनोरंजन का सबसे उम्दा साधन था। दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले विभिन्न



पारिवारिक और धार्मिक धारावाहिक, कार्यक्रम और फिल्में लोगों के लिए स्वस्थ मनोरंजन का बेहतर माध्यम था। मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए मनोरंजन का सबसे उम्दा साधन टेलीविजन अब सचमुच में 'बुद्धू बक्सा' साबित हो रहा है। टीवी चैनलों पर हास्य, हॉरर, कॉमेडी और रियेलिटी शो के नाम पर ऐसे धारावाहिक परोसे जा रहे हैं जिसमें अश्लीलता, फूहड़ता, अंधविश्वास, विवाहेत्तर संबंध, लिव इन रिलेशनशिप, नशाखोरी, अपराध और हिंसा के कथानक भरे पड़े हैं। रियेलिटी शो में प्रतिभागियों के कपड़े और संवाद इतने आपत्तिजनक होते हैं कि इन कार्यक्रमों को परिवार के साथ देखना असहज होता है।

सिनेमा को समाज का आईना कहा जाता है जिसके प्रति भारतीयों को शुरूआत से ही आकर्षण रहा है। भारतीय सिनेमा के इतिहास पर गौर करें तो कला और संस्कृति के प्रकटीकरण का सबसे सशक्त माध्यम सिनेमा ही था लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण ने इस उद्योग पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। कुछ को छोड़ दें तो आज की फिल्में हमारे संस्कृति और कला पर लगातार हमला कर रही है। आज की अधिकांश फिल्मों में नग्नता, गाली-गलौज, हिंसा, नशाखोरी और अपसंस्कृति के दृश्य आम है जिसके कारण अब सिनेमा भी पारिवारिक मनोरंजन का साधन नहीं रहा।

इंटरनेट क्रांति ने मनोरंजन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिसने मनोरंजन से जुड़ी सामग्रियों को प्राप्त करने और देखने के तरीके को बदल कर रख दिया है। डिजिटल मीडिया के इस दौर में 'ओवर द टॉप' (ओटीटी) और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स इन दिनों किशोरों और युवाओं से लेकर हर उम्र के लोगों के लिए पसंदीदा मनोरंजन माध्यम बन चुके हैं लेकिन इसकी दुश्वारियां भी सामने आ रही है।ओटीटी और सोशल मीडिया पर मनोरंजन के नाम पर कई ऐसे कई शो और वेब सिरीज प्रसारित हो रहे हैं जो नग्नता और भद्दी गालियों के चलते मर्यादा की लक्ष्मण रेखा लांघ रहे हैं।बीते साल ' उल्लू ऐप' के रियलिटी वेब शो ' हाउस अरेस्ट ' के अत्यंत अश्लील कंटेंट वायरल होने के बाद विभिन्न धार्मिक संगठनों ने काफी बवाल मचाया था जिसके चलते शो को बैन करना पड़ा। पिछले साल ही यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फलुएंसर रणवीर अलाहबादिया को " इंडिया गॉट लेटेस्ट" शो में उनके द्वारा अपने माता-पिता के नितांत निजी क्षणों के बारे में अत्यंत भद्दी टिप्पणी किए जाने पर सोशल मीडिया से लेकर संसद और सड़कों पर काफी विरोध देखा गया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भी कड़ा रुख अख्तियार करते हुए शो पर प्रतिबंध लगा दिया था।


गौरतलब है कि ओटीटी और यूट्यूब पर प्रसारित होने वाले अनेक आपत्तिजनक शो और वेब सिरीज के चलते जहां किशोरों और युवाओं के मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ रहा है वहीं हमारी सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों पर भी चोट पहुंचा रही है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक देश में महिलाओं के साथ बढ़ते दुष्कर्म, हिंसा, अपराध और नशाखोरी के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार इंटरनेट और सोशल मीडिया में मौजूद आपत्तिजनक और अश्लील कंटेंट हैं। बहरहाल भारत सदियों से अपनी पुरातन कला, सभ्यता और संस्कृति के कारण ही समूची दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। मनोरंजन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को यह बात भी अपने जेहन में रखना होगा कि भारतीय समाज लज्जा और मर्यादा के तानेबाने में गूंथा है लिहाजा कला के नाम पर अश्लीलता फैलाना कतई उचित नहीं है। सरकार को जहां ऐसे कार्यक्रमों के खिलाफ सख्ती बरतनी होगी वहीं मनोरंजन माध्यमों को

## मुद्दा
राज कुमार सिंह



# ट्रंप को नोबेल सौंप संदेह व सवालों में घिरीं मचाडो

आखिरकार शांति का नोबेल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तक पहुंच ही गया। खुद को शांति दूत बताने वाले ट्रंप की दावेदारी के बावजूद नोबेल पुरस्कार समिति ने तो उन्हें इस लायक नहीं माना, पर वेनेजुएला की जिन विपक्षी नेता मारिया मचाडो को नोबेल दिया गया था, वही खुद वाशिंगटन जाकर उन्हें अपना पुरस्कार सौंप आयीं। अपने साल भर के शासन में युद्ध विराम का इतिहास रचने के एकतरफा दावे करते हुए ट्रंप खुद को शांति के नोबेल का सही पात्र बताते रहे, लेकिन पुरस्कार समिति को ऐसा नहीं लगा। सो, अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को नजरअंदाज कर समिति ने नोबेल दे दिया वेनेजुएला में लोकतांत्रिक और मानवाधिकारों के लिए संघर्षरत विपक्षी नेता मारिया मचाडो को। खुद को दुनिया का चौधरी समझने वाले ट्रंप नाराज हुए। नोबेल समिति को बुरा-भला भी कहा। फिर भी मचाडो ने वेनेजुएला में लोकतंत्र बहाली में सहयोग की आकांक्षा जताते हुए अपना नोबेल उन्हें समर्पित करने की बात कही थी। तब माना गया था कि यह एक नोबेल विजेता का बड़प्पन है कि उसने अपनी प्रतिक्रिया में पदक से वंचित को अपना पदक समर्पित किया पर मचाडो ने ट्रंप से मुलाकात में उन्हें बाकायदा अपना नोबेल सौंपकर अब दुनिया को चौंका दिया है। हालांकि नोबेल पुरस्कार समिति ने स्पष्ट कर दिया है कि इसे किसी को गिफ्ट या ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। यह भी कि सिर्फ मूल विजेता ही हमेशा नोबेल पुरस्कार विजेता कहलाएगा। मचाडो द्वारा अपना नोबेल ट्रंप को देने के पीछे की किसी डील पर फिलहाल अटकलें ही लगाई जा सकती हैं। वैसे मचाडो से पहले वेनेजुएला पर हमला



कर ट्रंप दुनिया को चौंका चुके थे। नार्को टैररिज्म आदि के आरोपों के बीच लगातार धमकाते रहने के बाद एक दिन अचानक ट्रंप ने अपनी डेल्टा फोर्स भेज कर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सपत्नीक उठवा लिया। मादुरो पर अमेरिका में जारी मुकदमे के बीच ही मचाडो वाशिंगटन पहुंच कर ट्रंप से मिलीं और अपना नोबेल उन्हें गिफ्ट कर दिया। उन्होंने ट्रंप पर पूरा भरोसा जताते हुए इसे वेनेजुएला के निवासियों के लिए ऐतिहासिक दिन भी करार दिया। ट्रंप ने भी मारिया से मुलाकात को सम्मानजनक बताते हुए टिप्पणी की: 'उन्होंने मेरे अच्छे कामों के लिए मुझे अपना नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया। हमारे बीच का यह आपसी सम्मान कमाल का है।' इसमें दो राय नहीं कि इंजीनियरिंग का पेशा छोड़कर राजनीति में आयीं तलाकशुदा 58 वर्षीय मचाडो ने वाकई वेनेजुएला में तानाशाही शासन समाप्त कर लोकतंत्र बहाली के लिए लंबा शांतिपूर्ण संघर्ष किया है। उन्होंने बहुत कुछ सहा भी है। उसी संघर्ष के लिए उन्हें विश्व का सबसे प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार भी मिला, जो उन्होंने अब उसी व्यक्ति को सौंप दिया है, जिसे पूरी दुनिया वेनेजुएला पर सैन्य आक्रमण करने वाले विदेशी शासक के रूप में देखती है। ट्रंप खुद वेनेजुएला का तेल बेच कर मुनाफा कमाने की बात कह रहे हैं, लेकिन उन्हें अपना नोबेल सौंपते हुए मचाडो ने लिखा: 'ट्रंप ने वेनेजुएला की आजादी के लिए जो किया है, उसे वेनेजुएला के लोग कभी नहीं भूलेंगे।' मादुरो की गिरफ्तारी के बाद वेनेजुएला में भावी सत्ता व्यवस्था और चुनावों की अटकलों के बीच ट्रंप से मिलीं मचाडो कोई ठोस आश्वासन नहीं पा सकीं। वेनेजुएला के संविधान के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने उप राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को अंतरिम राष्ट्रपति नियुक्त किया है, पर ट्रंप खुद को वहां का कार्यवाहक राष्ट्रपति बता रहे हैं। शायद ट्रंप को रोड्रिग्ज के साथ काम करने में कोई समस्या भी न हो, क्योंकि उनकी नजर तो वेनेजुएला में तेल और दुर्लभ खनिज संपदा के दोहन पर है। ऐसे में वेनेजुएला समेत दुनिया भर में मचाडो की नई भूमिका पर संदेह और सवाल स्वाभाविक हैं। बेशक मचाडो लंबे समय से वेनेजुएला में लोकतांत्रिक एवं मानवाधिकारों की बहाली के लिए संघर्षरत हैं। 2024 में उन्हें राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ने दिया गया और उनके द्वारा समर्थित विपक्षी उम्मीदवार एडमंड गोंजालेज को जीत के बावजूद सत्ता नहीं सौंपी गई। यह भी कि मादुरो की छवि तानाशाह शासक की रही है

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित
**दर्शन**

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं।

# बिन बुलाए किसी के घर न जाएं



संकलित
**प्रेरणा**

माता सती के पिता प्रजापति दक्ष शिव जी को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव जी ने ब्रह्मा जी का पांच में से एक सिर काट दिया था। अपने पिता ब्रह्मा जी के साथ हुई इस घटना की वजह से दक्ष शिव जी को अपमानित करने के अलग-अलग अवसर खोजते रहते थे। दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह कर लिया था और दक्ष इस विवाह को रोक नहीं सके। विवाह के कुछ समय बाद दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया और इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। माता सती को नारद से मालूम हुआ कि उनके पिता दक्ष यज्ञ करवा रहे हैं। सती इस यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गईं। शिव जी ने देवी सती को समझाया कि बिना बुलाए हमें यज्ञ जैसे आयोजन में नहीं जाना चाहिए, लेकिन शिव जी के समझाने पर भी देवी नहीं मानीं और यज्ञ में चली गईं। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि यज्ञ में शिव जी के अतिरिक्त सभी देवी-देवता आए हुए हैं। सती ने पिता दक्ष से शिव जी को न बुलाने का कारण पूछा तो दक्ष ने शिव जी के लिए अपमानजनक बातें कहना शुरू कर दीं। शिव जी का अपमान सती सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपनी देह त्याग दी। जब ये बात शिव जी को मालूम हुई तो वे बहुत क्रोधित हो गए। शिव जी के क्रोध से वीरभद्र प्रकट हुए। इसके बाद शिव जी के कहने पर वीरभद्र ने यज्ञ स्थल को उजाड़ दिया और दक्ष का सिर काट दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सोना-चांदी के दामों पर नियंत्रण जरूरी

चांदी के भाव तो गजब ही ढा रहे हैं। 10-15 हजार के रोज भाव बढ़ रहे हैं जो जाकर अब एक किलो चांदी के 3 लाख पार हो गए हैं। आगे क्या होगा भगवान जाने। ठीक सोने के मूल्य भी 10 ग्राम डेढ़ लाख छू गए हैं। मेक्स (मल्टी कमोडिटीज एक्सचेंज) को बंद करने की मांग भी जूलरी संगठन ने उठाई है क्योंकि इसी से कतिपय धनाढ्य सट्टेबाज/उद्योगपति कृत्रिम भाव बढ़ा रहे हैं, जबकि वास्तव में इतने भाव हैं नहीं। इससे छोटे व्यापारी असमंजस में पड़े हुए हैं और उन्हें कभी भी भारी घाटा हो सकता है। उनकी मांग है कि सोना-चांदी के मूल्य-नियंत्रण वो खुद अपने हाथ में ले, ताकि बढ़ते सट्टाधारी भाव पर कंट्रोल हो सके। उन्होंने आने वाले बजट में इसके लिए नीति बनाने की मांग की है।

- सुनील देशपांडे, दुर्ग

## करंट अफेयर

# दुनिया के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र का फिर होगा संचालन

जापान में 2011 में हुए फुकुशिमा परमाणु हादसे के बाद दुनिया के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र का संचालन बुधवार को फिर से शुरू हो जाएगा। जापान बिजली की बढ़ती मांग पूरी करने के लिए परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ा रहा है। काशीवाजाकी–कारिवा परमाणु ऊर्जा संयंत्र के नंबर–6 रिएक्टर में ऊर्जा उत्पादन की शुरुआती प्रक्रिया इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका संचालन तोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स (टीईपीसीओ) कर रही है। यह वही कंपनी है जो क्षतिग्रस्त फुकुशिमा दाइची परमाणु संयंत्र का भी संचालन करती है। फुकुशिमा में टीईपीसीओ से जुड़ी पिछली सुरक्षा समस्याओं के कारण काशीवाजाकी–कारिवा संयंत्र के संचालन को लेकर लोग चिंतित हैं



## ऑफ बीट

# टैटू इंक में मिले भारी मात्रा में लेड और विषैली धातु

अध्ययन में पाया गया, टैटू की स्याही को जीवित ऊतक में डाला जाता है और यह मूल रूप से स्थायी रहने के लिए डिज़ाइन किया गया है। शरीर में मौजूद



पिगमेंट समय के साथ घुल सकते हैं, लिम्फ सिस्टम में फैल सकते हैं या धीरे–धीरे टूट सकते हैं। यूरोप में टैटू की स्याही की सुरक्षा पर मार्गदर्शन पिछले दशक से उपलब्ध है और 2022 से यूरोपीय संघ ने इस स्याही में धातु जैसे आर्सेनिक, कैडमियम और लेड तथा कुछ ऑर्गेनिक यौगिकों की सीमा तय की है। ऑस्ट्रेलिया में राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा कोई नियामक ढांचा नहीं है। यहां टैटू की स्याही की नियमित निगरानी नहीं होती और उपभोक्ताओं के पास सीमित जानकारी उपलब्ध है।

## ट्रेंड

### लालच की महामारी



हर आम भारतीय की जिंदगी आज नर्क की यातना बन गई है। सिस्टम सत्ता के सामने बिक चुका है। सब एक-दूसरे की पीठ थपथपाते है और मिलकर जनता को रौंदते हैं। देश में लालच की महामारी फैल चुकी है, शहरी सड़न जिसका सबसे डरावना चेहरा है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### असम चाय के नए बाजार



भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और आगामी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के साथ, असम चाय को नए बाजार मिलेंगे। राज्य सरकार के दृष्टिकोण से, हम चाय उत्पादन के विभिन्न पहलुओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### यमुना की सफाई



यमुना की सफाई के लिए संकल्प, टेक्नोलॉजी और जमीनी स्तर पर बदलाव, तीनों पर हमारी सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। इसी दिशा में 'वाटर मास्टर' को नजफगढ़ ड्रेन में तैनात किया गया है। यह पहल ड्रेन्स की स्वच्छता की दिशा में एक निर्णायक बदलाव लाएगी।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### गर्व की अनुभूति



पहले जम्मू-कश्मीर के लाल-चौक पर पाकिस्तानी झंडे फहराए जाते थे और कांग्रेस की सरकारें मौन रहती थीं, आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लाल चौक पर शान से तिरंगा लहरा रहा है। इसे देखकर गर्व की अनुभूति होती है।

- नितिन नबीन, अध्यक्ष, भाजपा

## संक्षेप

### अधिवक्ताओं की महापंचायत शुरू

**एसडीएम पर अभद्रता का आरोप; कई जिलों के वकील शामिल, परिसर छावनी में बदला**

अमेठी, मुसाफिरखाना तहसील में एसडीएम अभिनव कनौजिया के खिलाफ अधिवक्ताओं की महापंचायत शुरू हो गई है। इसमें अमेठी सहित आसपास के कई जिलों के हजारों अधिवक्ता शामिल हुए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे तहसील परिसर को छावनी में बदल दिया गया है, जहां चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल और पीएसी तैनात है। दरअसल, मुसाफिरखाना एसडीएम अभिनव कनौजिया पर अधिवक्ताओं से अभद्रता का आरोप है।इसी के विरोध में तहसील के अधिवक्ता 27 दिसंबर से लामबंद हैं और लगातार एसडीएम को हटाने की मांग कर रहे हैं। इस मामले को लेकर जिलाधिकारी द्वारा अधिवक्ताओं के साथ बैठक भी की गई थी, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला। कई जिलों से पहुंचे अधिवक्ता आज बुलाई गई इस महापंचायत में अमेठी जिले की सभी तहसीलों के अलावा रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, बाराबंकी सहित कई अन्य जिलों से सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता पहुंचे हैं। सभी अधिवक्ता एक स्वर में एसडीएम को हटाने की मांग पर अड़े हैं। महापंचायत के कारण एसडीएम कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है। अधिकारियों के दफ्तरों में ताले एसडीएम सहित कई अधिकारियों के दफ्तरों में ताले लटके हैं, और जो कार्यालय खुले हैं, उनमें अधिकारी मौजूद नहीं हैं। तहसील परिसर में स्थानीय पुलिस बल के अलावा जगदीशपुर, भाले सुल्तान, कमरौली, जामो से भी पुलिस बल, पीएसी और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तैनात की गई हैं। कांग्रेस ने भी अधिवक्ताओं की इस महापंचायत का समर्थन किया है। बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता झंडे-बैनर के साथ महापंचायत में मौजूद हैं।

### बेसहारा पशुओं से फसलें बर्बाद

**रबी की फसल बचाने किसान कड़ाके की ठंड में रातभर खेतों में रखवाली कर रहे**

अमेठी , जगदीशपुर स्थित हारिमऊ में आवारा पशुओं के आतंक से किसान परेशान हैं। रबी की फसलों को बचाने के लिए उन्हें कड़ाके की ठंड में रातभर खेतों में रखवाली करनी पड़ रही है। दिन ढलते ही आवारा पशुओं के झुंड खेतों में घुसकर गेहूं, मटर, सरसों और आलू जैसी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। बगाही, नंद लाल के पुरवा, समशेरपुर, आरिक पुर, लोशन पुर और लोढ़ियावां सहित कई गांवों के किसान इस समस्या से जूझ रहे हैं। ये जानवर इतने चालाक हैं कि घेराबंदी किए गए खेतों में भी घुस जाते हैं।क्षेत्र में नीलगाय और जंगली सुअर जैसे जंगली जानवरों की संख्या काफी बढ़ गई है, जो दिन के समय भी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।किसानों को खेती में भारी खर्च करना पड़ता है, इसके बावजूद उन्हें घेराबंदी पर भी अतिरिक्त लागत लगानी पड़ती है। इसके बावजूद वे अपनी फसलों को बचा नहीं पा रहे हैं। केवल वही किसान अपनी फसलें थोड़ी-बहुत बचा पाते हैं, जो खेतों में मचान बनाकर रहते हैं।इस स्थिति के कारण कई किसान धीरे-धीरे खेती से मुंह मोड़ रहे हैं।

# हिंदुओं में आत्मबोध होना आवश्यक तभी संभव है संगठित हिंदू समर्थ भारतः प्रशांत शुक्ल

## पश्चिमी विचारधाराओं को समाज से दूर करने का संकल्प लेः महंत रीता गिरी

**बाबा परम हंस कुटी बाबागंज में आयोजित हुआ भव्य हिंदू सम्मेलन**

अमन लेखनी समाचार




बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर बाबागंज स्थिति बाबा परम् हंस कुटी बाबागंज में भव्य हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। शताब्दी वर्ष के निमित्त भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन कुटी बाबागंज में किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि महंत रीता गिरि जगपति धाम श्रावस्ती, मुख्य वक्ता के रुप में प्रांतकार्यवाह अवध प्रशांत शुक्ल, मातृशक्ति के रूप में किरण पाठक रही। हिन्दू सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सम्मेलन की प्रस्तावना के उद्बोधन के उपरांत हुआ। कार्यक्रम सम्बोधन में किरण पाठक नें कहा संघ शताब्दी वर्ष के महोत्सव में हिंदुत्व का विचार, नैतिक कर्तव्य, हिंदू संस्कृति, वैदिक परंपराओं, नारी शक्ति व मातृशक्ति का सम्मान करना हम सभी का उद्देश्य है।रीता गिरि नें अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय कार्य में नारी शक्ति का आवाहन राष्ट्र निर्माण में मातृशक्ति के बिना संभव नहीं इसलिए बिना किसी संकोच के आगे आकर हिंदुत्व का कार्य करें अपनी संस्कृति का संरक्षण कर पश्चिमी विचारधाराओं को समाज से दूर करना, संपूर्ण समाज को एकजुट होकर संगठित हिंदू समर्थ भारत का संकल्प लेना चाहिए। वही प्रशांत शुक्ल नें महाराणा प्रताप,वीर सावरकर,महाराजा सुहेलदेव के संघर्षों राष्ट्रवादी चिंतन पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम संयोजक ब्लॉक प्रमुख जेपी सिंह नें कहा हम सभी को अपने देवी देवताओं, सांस्कृति, जल पर्यावरण, गुरुकुल को संरक्षित करने की आवश्यकता है।यही हमारी धरोहर माता-पिता का सम्मान, उच्च आचरण, समरसता हिन्दू संस्कृति का मूल मंत्र है। चेयरमेन रूपईडीहा डॉ उमाशंकर वैश्य नें कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्व-भाव का जागरण एवं नागरिक कर्तव्य प्रमुख जैसे पंच संकल्प पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सम्मलेन संयोजक ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह, कृष्ण चंद्र, अरुण पाठक, अनूप मिश्रा, आशीष कुमार, अजय जी, सर्वेश धर्म जागरण प्रमुख, एसपी सिंह, विवेक कुमार शुक्ल एडवोकेट, दुर्गेश वर्मा, हर्षोदय सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, इंद्र बहादुर, रोहन सहित सभी कार्यकर्ता बंधु एवं हजारों की संख्या मे हिन्दू ग्रामीण उपस्थित रहे।

# यूपी दिवस पर ब्लॉक प्रमुख ने कर्मचारियों को किया सम्मानित

## गांव के विकास की रीढ़ होते हैं कर्मचारीः अभिषेक सौरभ वर्मा

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच।मिहींपुरवा ब्लाक में यूपी दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है जिसमें कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए उनके कार्यों की सराहना करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर मिहीपुरवा विकास खंड प्रमुख सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विकास की जमीनी रीढ़ माने जाने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अभिषेक सौरभ वर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी विनोद यादव ने की। संचालन एडीओ पंचायत असफाक ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख अभिषेक सौरभ वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश का विकास केवल नीतियों से नहीं, बल्कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में कार्यरत कर्मचारियों की निष्ठा और परिश्रम से संभव हो रहा है। बीते पाँच वर्षों से लगातार मिहीपुरवा ब्लाक में यूपी दिवस मनाया जा रहा है, ताकि प्रदेश निर्माण में स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कार्य कर रहे कार्मिकों के योगदान को सम्मान दिया जा सके।उन्होंने कहा कि ग्राम सचिव से लेकर सफाई कर्मचारी तक की भूमिका गांवों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में निर्णायक है। खंड विकास अधिकारी विनोद यादव ने कर्मचारियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन तभी संभव है, जब अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी व निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। गांवों का समग्र विकास ही प्रदेश को उत्तम प्रदेश की दिशा में ले जाएगा। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को फूल-मालाएं, स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव विजय वर्मा, शैलेश सिंह, सुशील सिंह, मीडिया प्रतिनिधि मनोज तिवारी,मदन पोरवाल सहित विकास खंड के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# बसंत पंचमी पर आयोजित कार्यक्रम में पांच साहित्यकार हुए सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। संस्कार भारती इकाई बहराइच द्वारा बसंत पंचमी के पावन पर्व की शुरूआत मां सरस्वती के पूजन अर्चन कार्यक्रम से की गई ।सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह भूपेंद्र सिंह तथा संस्कार भारती की अध्यक्षा श्रद्धा पांडेय द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार राधाकृष्ण शुक्ल पथिक जी ने की। तत्पश्चात कार्यक्रम का संचालन कर रहे संस्कार भारती के कोषाध्यक्ष देशराज सिंह आजाद द्वारा जनपद के पांच वरिष्ठ साहित्यकार व लोक सेवकों के सम्मान के लिए मुख्य अतिथि से आग्रह किया जिसमें साहित्यकार व लोक सेवक राधाकृष्ण शुक्ल पथिक, शिव कुमार सिंह रैकवार , अयोध्या शर्मा नवीन ,गुलाब चंद्र जायसवाल संतराम वर्मा बेताल का सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में संस्कार भारती के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य गीत तथा एकांकी का मंचन किया गया कार्यक्रम में जनपद के साहित्यकारों ने अपनी राष्ट्रवादी कविताओं से कार्यक्रम को मंत्रमुग्ध किया ।वरिष्ठ साहित्यकार रामसूरत वर्मा जलज रमेश चंद्र त्रिपाठी राघवेन्द्र त्रिपाठी तथा युवा रचनाकार वीरेश पांडेय ओमप्रकाश यादव व शाश्वत सिंह द्वारा काव्यपाठ किया गया ।इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी अंशू मेहरोत्रा ज्योति बंसल आनंद गुप्ता ज्ञान सिंह धीरेन्द्र सिंह तोमर पंकज कुमार स्वेच्छा जैन समीक्षा जैन सोमेश सावन सहित काफी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

# कैसरगंज विधानसभा में एसआईआर सुनवाई तेज , केंद्रों पर उमड़ रही भीड़

## तहसील कैसरगंज के अंतर्गत कई स्थानों पर चल रही नोटिसों की सुनवाई

**मतदाता अपने अभिलेख प्रस्तुत कर नाम सुनिश्चित कराने में जुटे**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज के अंतर्गत एसआईआर (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण) की सुनवाई को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। विधानसभा क्षेत्र संख्या 288 कैसरगंज के अंतर्गत विभिन्न निर्धारित केंद्रों पर अधिकारीगण नियमित रूप से मतदाताओं की सुनवाई कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा निर्धारित केंद्रों में बीडीओ कैसरगंज कार्यालय, बीईओ कैसरगंज, चरबल, सीडीपीओ कार्यालय नगर पंचायत कैसरगंज सहित अन्य स्थान शामिल हैं।इन केंद्रों पर बड़ी संख्या में लोग अपने-अपने नोटिसों के साथ उपस्थित होकर आवश्यक डाक्यूमेंट्स प्रस्तुत कर रहे हैं। अधिकारियों द्वारा मौके पर ही अभिलेखों का परीक्षण कर मतदाताओं का पक्ष सुना जा रहा है, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाया जा सके।प्रशासन का कहना है कि एसआईआर की यह प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के दायरे में की जा रही है और किसी भी पात्र मतदाता का नाम हटने नहीं दिया जाएगा।सुनवाई केंद्रों पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित विभागों के कर्मचारी तैनात हैं।मतदाताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि व समय पर अपने साथ सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर केंद्र पर पहुंचें, जिससे अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके।

# बदरी स्वीट एंड नमकीन भंडार का भव्य उद्घाटन

**पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह रैखवार ने किया शुभारंभ**

**उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की रही भारी मौजूदगी**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज क्षेत्र में नवनिर्मित बदरी स्वीट एंड नमकीन भंडार का भव्य उद्घाटन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह रैखवार द्वारा विधिवत रूप से किया गया।उद्घाटन के अवसर पर क्षेत्र में उत्साह और रौनक का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर प्रोपर राइटर सुनील कुमार यादव शैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही कैसरगंज क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग, व्यापारी वर्ग और स्थानीय नागरिक समारोह में मौजूद रहे, जिन्होंने प्रतिष्ठान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह रैखवार ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के नए प्रतिष्ठान खुलने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय लोगों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध होगी। उन्होंने बदरी स्वीट एंड नमकीन भंडार के संचालकों को शुभकामनाएं दीं ।उद्घाटन के दौरान दुकान परिसर में खुशी और उल्लास का माहौल बना रहा।उपस्थित लोगों ने प्रतिष्ठान की मिठाइयों व नमकीन की गुणवत्ता की सराहना की।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित

## प्रतियोगिता के टॉप 10 बच्चे को बीईओ ने किया पुरस्कृत

**पुरस्कार पाकर खिले उठे बच्चों के चेहरे**

**प्रतियोगिता के टॉप 100 बच्चे शैक्षिक भ्रमण के लिए चयनित**

अमन लेखनी समाचार



मिहींपुरवा, बहराइच। परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, बच्चों में मनोवैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने तथा विद्यालयों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र मिहींपुरवा में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लाक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ.अजीत कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में, विद्यालय स्तर पर पूर्व में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा प्रतियोगिता के टॉप 100 बच्चों का चयन शैक्षिक भ्रमण के लिए किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को भी खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्टेशनरी किट व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

परीक्षा के सफल आयोजन में एआरपी प्रदीप नारायन सिंह, अंशुल कुमार, रामसागर यादव, अभिषेक जायसवाल, अश्वनी कुमार, हरिहरदत्त, अतुल कुमार, पवन कुमार, चंदन दीक्षित, राजेंद्र प्रसाद, गिरीश राम व सुनील कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# मिशनशक्ति के तहत महिलाओं को दी गई जानकारी

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति/एंटी रोमियो अभियान के तहत उच्च माध्यमिक विद्यालय वैरी महेशपुर कैसरगंज बहराइच में महिलाओं एवं बच्चियों को मिशन शक्ति, साइबर अपराध अभियान के अंतर्गत जागरूक किया गया तथा उच्चाधिकारी द्वारा दिए गये आदेशो निदेर्शो के क्रम मे तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के बारे मे व बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर,1090,1098 ,1076, 112 ,181, 108, व साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 तथा बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ करते हुए जानकारी दी गयी। टीम मे मिशन शक्ति /एंटी रोमियो टीम उ0नि0 बाबूलाल विश्वकर्मा म0उ0नि0 आशा वर्मा आ0 सूर्यकान्त पाण्डेय म0आ0 दीपिका त्रिवेदी म0 आ0 रोशनी देवी म0आ0 स्वाती तिवारी आदि मौजूद रहे।



# उमरी गांव में मंदिर प्रांगण में सजी भव्य कवि गोष्ठी

**ब्लॉक प्रमुख संदीप कुमार सिंह विशेन ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

**एडवोकेट गंगाधर मिश्रा रहे विशिष्ट अतिथि**

**अदब–ओ–साहित्य का छाया रंग**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। उमरी गांव स्थित मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य कवि गोष्ठी ने बसंत पंचमी के अवसर पर पूरे क्षेत्र को अदब और संस्कृति के रंग में रंग दिया।इस साहित्यिक आयोजन के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप कुमार सिंह विशेन रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवोकेट गंगाधर मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम के दौरान कवियों ने अपनी ओजपूर्ण, भावनात्मक और विचारोत्तेजक रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि गोष्ठी में सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ, जिसके बाद कविता पाठ का सिलसिला देर तक चलता रहा।मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संदीप कुमार सिंह विशेन ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे साहित्यिक आयोजन समाज में संस्कृति, संस्कार और सद्भाव को मजबूती प्रदान करते हैं।वहीं विशिष्ट अतिथि एडवोकेट गंगाधर मिश्रा ने कहा कि कवि समाज का दर्पण होता है और कविता के माध्यम से सच्चाई को बेबाकी से पेश करता है।कवि गोष्ठी में स्थानीय गणमान्य नागरिक, साहित्यप्रेमी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह इल्मी, सांस्कृतिक और रूहानी बना रहा।

# 10 रुपए के सेब पर विवाद

## शाहजहांपुर में पेट्रोल डालकर जला दिया फल विक्रेता का ठेला, 25 हजार का नुकसान

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, महज 10 रुपए के विवाद ने शनिवार सुबह दबंगई का खौफनाक रूप दिखा दिया।चौक कोतवाली क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी में एक दबंग ने फल विक्रेता के ठेले पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। देखते ही देखते ठेला और उस पर रखे फल धू-धू कर जल उठे। इस घटना में फल विक्रेता को करीब 20 से 25 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।पीड़ित ने पुलिस को घटना की सूचना दी है।पीड़ित अशोक कुमार ने बताया कि वह रोज की तरह शनिवार सुबह अपने ठेले पर फल बेच रहे थे।इसी दौरान कॉलोनी का ही एक दबंग उनके पास आया और 20 रुपए का एक सेब खरीदा। कीमत बताने पर उसने केवल 10 रुपए देने की कोशिश की।अशोक कुमार ने बताया कि सुबह का समय था और अभी बोनी भी नहीं हुई थी, इसलिए उन्होंने पूरे 20 रुपए मांगे।इसी बात पर दबंग भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा।फल विक्रेता के अनुसार गुस्साए दबंग ने उसे धमकी दी कि अभी बताता हूं।इसके बाद वह अपने घर गया और पेट्रोल की बोतल लेकर लौटा। अशोक कुमार ने जब उसे रोकने की कोशिश की और शोर मचाया, तब भी दबंग नहीं माना।पर छिड़का पेट्रोल, लगाई आग आरोप है कि दबंग ने ठेले पर रखे फलों और लकड़ी के ठांचे पर पेट्रोल छिड़क दिया और आग लगा दी।देखते ही देखते आग भड़क उठी और ठेला पूरी तरह जलकर राख हो गया।ठेले पर रखे फल भी आग की चपेट में आ गए।आसपास मौजूद लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। 25 हजार का नुकसानअशोक कुमार ने बताया कि इस घटना में उनका करीब 20 से 25 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। फल बेचकर ही वह अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं।ठेला जलने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।घटना की सूचना मिलते ही अशोक कुमार ने चौक कोतवाली पुलिस को जानकारी दी। इस संबंध में चौक कोतवाली इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार ने बताया कि उन्हें अभी तक घटना की जानकारी नहीं मिली है।

# पेड़ पर अटका मिला मजदूर का शव

**लकड़ी काटने चढ़ा था, पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा शव**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , जनपद के अंतू थाना क्षेत्र अंतर्गत गोबरी मोड़ के पास स्थित एक बगीचे में लकड़ी तोड़ने के दौरान पेड़ पर चढ़े एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम लंगड़ा का पुरवा, पोस्ट जगेसरगंज निवासी राम लखन के रूप में हुई है।बताया जा रहा है कि राम लखन जीवन यापन के लिए लकड़ी तोड़ने और मजदूरी का कार्य करता था।घटना गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे की है, जब वह बगीचे में पेड़ पर चढ़कर लकड़ी तोड़ रहा था।इसी दौरान अचानक उसकी मौत हो गई।ग्रामीणों की सूचना पर मचा हड़कंपघटना की जानकारी उस समय हुई जब रास्ते से गुजर रही एक महिला ने राम लखन को पेड़ पर देखा और शोर मचाया। इसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही अंतू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक राम लखन अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था।उसके परिवार में पत्नी उर्मिला, दो बेटे और दो बेटियां हैं।बड़े बेटे और बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है।घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# गोलीकांड के 7 गैंगस्टर आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर किया

## फरार चल रहे आरोपियों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित था

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, नगर कोतवाली क्षेत्र के बिहारगंज बाजार में चचेरे भाइयों पर गोली चलाने के मामले में गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित सात आरोपियों ने बुधवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इन फरार आरोपियों पर पुलिस ने 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।कोर्ट ने सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है यह घटना 17 जून 2025 को हुई थी, जिसमें 16 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इनमें से हिस्ट्रीशीटर मस्सन अली समेत आठ आरोपी पहले से ही जेल में बंद हैं। पुलिस ने फरार चल रहे आठ आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी की थी। करीब एक माह पहले शहर कोतवाल सुभाष यादव ने सभी 16 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। फरार आठ आरोपियों में इरशाद, हसन अली उर्फ सोनू, रियाज, नसीब, रिजवान उर्फ बब्लू, सहबान, नियाज और इरफान शामिल थे। पुलिस इनकी तलाश कर रही थी।पहले एसपी दीपक भूकर ने इन आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। बाद में आईजी प्रयागराज ने इस राशि को बढ़ाकर 50-50 हजार रुपये कर दिया। इसके बावजूद आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर थे। बुधवार को नियाज को छोड़कर अन्य सभी सात आरोपियों ने गैंगस्टर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस को उनके सरेंडर की भनक तक नहीं लगी। कोर्ट से उन्हें जेल भेज दिया गया। विवेचक और देहात कोतवाली एसओ पुष्पराज सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी।वे अपने घरों से फरार थे।पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण सात आरोपियों ने सरेंडर कर दिया है।एक आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

## संक्षेप

### दो पक्षों में मारपीट में फायरिंग

**बच्चे को लगा छर्रा, हालत गंभीर; दो युवक पुलिस हिरासत में**

बागपत , बड़ौत कस्बे में मामूली बात पर दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग हुई। इस घटना में एक बच्चा छर्रा लगने से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है यह घटना लक्की और अंकित पक्ष के बीच हुई। बताया जा रहा है कि मामूली कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में झगड़ा बढ़ गया। आरोप है कि अंकित पक्ष के लोगों ने अपनी छत से तमंचे से फायर किया। फायरिंग के दौरान एक बच्चे को छर्रा लगा, जिससे वह घायल हो गया। घटना स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। घायल बच्चे को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बड़ौत कोतवाली प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग का मामला सामने आया है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से छानबीन कर रही है। दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध खनिज परिवहन पर बागपत प्रशासन ने की कार्रवाई

**10 वाहन सीज, 6.31 लाख का जुर्माना लगाया**



बागपत , अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देश पर खनन विभाग की टीम ने बड़ौत थाना क्षेत्र में गिट्टी और सैंड स्टोन का अवैध परिवहन कर रहे 10 वाहनों को सीज किया है। खनन अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में 10 वाहन अवैध रूप से खनिज परिवहन करते पाए गए। जांच में सामने आया कि इन वाहनों के पास आवश्यक आईएसटीपी या ट्रांजिट पास जैसे वैध दस्तावेज नहीं थे, जो खनन नियमों का उल्लंघन है। खनन विभाग ने सभी 10 वाहनों पर कुल 6.31 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। खनन अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह स्वयं मौके पर मौजूद रहकर इस अभियान की निगरानी कर रहे थे। उनकी अगुवाई में टीम ने सघन जांच कर अवैध खनिज परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया। इससे पहले 20 जनवरी को भी खनन विभाग ने बिना ट्रांजिट पास खनिज परिवहन कर रहे 3 वाहनों पर कार्रवाई की थी और 1.64 लाख रुपए का जुमार्ना वसूला था। इन लगातार कार्रवाइयों से स्पष्ट है कि जिला प्रशासन अवैध खनन और खनिज परिवहन के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपना रहा है। अधिकारियों के अनुसार, वैध दस्तावेजों के बिना खनिज परिवहन से सरकार को राजस्व का नुकसान होता है। इसके अलावा, ओवरलोडिंग से सड़कों को क्षति, दुर्घटनाओं का खतरा और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी गंभीर समस्याएं भी पैदा होती हैं। इन्हीं कारणों से जिले के प्रमुख मार्गों, हाईवे, अंतरजनपदीय सीमाओं और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही है।

# शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की गई चौपाल

## बच्चे एवं पूर्व शिक्षक अधिकारी द्वारा हुए सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड ब्लॉक संसाधन केंद्र अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी की अगुवाई में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ विकासखंड के खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे तथा बाल विकास पुष्टाहार विभाग के सीडीपीओ अजय सिंह के साथ खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल ने संयुक्त रूप से किया कार्यक्रम के शुभारंभ में मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित करते हुए अधिकारियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम के तहत नवीन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को प्रोत्साहित किया गया वहीं परिसर में मौजूद निपुण विद्यालयों के बच्चों को शिक्षण सामग्री जैसे कॉपी पेन इत्यादि देकर पुरस्कार किया गया ठीक इसी प्रकार कस्बे के वृंदावन गेस्ट हाउस में आयोजित न्याय पंचायत स्तर के चौपाल कार्यक्रम में पहुंचे अधिकारियों ने मौजूदा लोगों को महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए निपुण बच्चों को शिक्षण किट से सम्मानित किया कार्यक्रम में मौजूद जनपद के अधिकारी एस आर जी राधेश्याम दीक्षित खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल आदि ने मंच के माध्यम से पूर्व शिक्षक मूलचंद सैनी कैलाश नारायण शर्मा समेत अन्य सेवानिवृत शिक्षकों को भी सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन शिक्षा जगत के चाणक्य शिक्षक मधुसूदन सिंह द्वारा किया गया आयोजित चौपाल के अंतर्गत अधिकारियों समेत आरपी शिक्षकों ने मौजूद लोगों को शिक्षा के प्रति महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए प्रेरणा प्रदान की नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी देशभक्ति गीत संगीत प्रस्तुत करते हुए समूचे प्रांगण में बैठे अभिभावकों एवं अधिकारियों को भाव विभोर कर दिया इस मौके पर ग्राम प्रधान शिव कुमारी सोनकर प्रतिमा देवी प्रधानाध्यापक सर्वेश अवस्थी शैलेंद्र सचान समेत भारी संख्या में शिक्षक एवं अभिभावक गण मौजूद रहे

# उत्तर प्रदेश स्थापना के अवसर पर आयोजित हुई शिक्षा चौपाल

## न्याय पंचायत स्तर की चौपाल में पहुंचे ब्लॉक अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार / अभिषेक तिवारी




बकेवर, फतेहपुर। जनपद के शिक्षा क्षेत्र देवमई विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस शिक्षा चौपाल के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विद्यालय की शिक्षिका कल्पना गौतम की अगुवाई में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा संपूर्ण विद्यालय की सजावट की गई वहीं शिक्षा चौपाल में पहुंचे ब्लॉक अध्यक्ष जीतेंद्र वर्मा को बच्चों ने मुख्य द्वार से लेकर बाजे गाजे के साथ मंच पर मंचासीन किया ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा फीता काटकर मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए ब्लॉक अध्यक्ष सहित शिक्षक अविनाश वर्मा विश्वजीत रिचा शुक्ला अतुल उत्तम के के सिंह दीप्ति नीतू सरिता मृदुल तिवारी तथा प्रधानाध्यापक सतीश चंद्र समेत सहायक अध्यापिका कल्पना गौतम ने आए हुए अभिवावक अतिथियों को शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुए बच्चों को नियमित विद्यालय तथा उनके शिक्षण शैली की देखरेख हेतु प्रेरित किया न्याय पंचायत के सभी पांचो शिक्षक संकुलों द्वारा आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को जागरूक करना रहा शिक्षकों ने बताया कि निपुण विद्यालय आकलन रोस्टर जारी हो चुका है जिसके तहत निपुण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्रदेश की स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण अंतर्गत सुंदर-सुंदर चित्रकला रंगोली तथा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वोट फॉर बेटर इंडिया से संबंधित रंगोली बनाकर समूचे जनमानस को भाव विभोर कर दिया बकेवर न्याय पंचायत के जगदीशपुर प्राथमिक विद्यालय अंतर्गत मौजूद अधिकारियों ने बच्चों को पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया जहां नन्हे मुन्ने बच्चों के चेहरे पुरस्कार पाकर खिल उठे इस मौके पर समूचे न्याय पंचायत के शिक्षकों कक्षा एक तथा दो के नोडल शिक्षकों समेत अभिभावक गुड्डी देवी सीता देवी उर्मिला नीलम पूनम गोमती अनीता माया अंजू सुजान सिंह बलवान सिंह आदि भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे आए हुए सभी अतिथियों का विद्यालय की सहायक अध्यापिका कल्पना गौतम समेत सभी संकुल टीम ने सादर आभार व्यक्त किया

# बसंत पंचमी पर प्रतिभाओं को किया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

मथुरा अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन हुआ। इस अवसर पर स्व डॉ एच एल माहेश्वरी जी एवं स्वर्गीय डॉ चैतन्य माहेश्वरी जी की पावन स्मृति में 65 छात्र, छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रतिभा प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया गया । ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष दिए जाने वाला यह पुरस्कार सर्वांगीण प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को दिया जाता है। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ अनिल वाजपेयी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में बसंत पंचमी एक विशिष्ट त्यौहार है। इसी दिन मां महासरस्वती का जन्म एवं ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि का आरंभ हुआ था इस दिन पूरी प्रकृति नव पल्लव और पीले पुष्पों से अपना श्रृंगार करती है। युवाओं को भारतीय संस्कृति के मूल्यों और परंपराओं को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा स्व डॉ एच एल माहेश्वरी एवं स्व डॉ चैतन्य माहेश्वरी जी द्वारा शिक्षा और संस्कृति को दिए गए योगदान के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण से हुआ।

# योगी पहुंचेंगे मथुरा राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ कार्यक्रम में होंगे शामिल

अमन लेखनी समाचार



मथुरा भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कल पहली बार मथुरा आ रहे हैं। एक दिवसीय दौरे पर मथुरा पहुंचने पर वे भगवान बांके बिहारी के दर्शन कर अपने कार्यकाल की विधिवत शुरूआत करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार नितिन नवीन करीब दोपहर 12 बजे वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर पहुंचेंगे। इससे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय पात्र परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुनेंगे। देर शाम तक उनके दौरे का अधिकृत कार्यक्रम जारी होने की संभावना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस दौरे के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी सहित उप मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री और भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी उनके साथ मौजूद रहेंगे। इसे लेकर पार्टी संगठन और जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। कार्यक्रम की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बांके बिहारी मंदिर एवं अक्षय पात्र परिसर का निरीक्षण किया। अधिकारियों को

**बांके बिहारी के दर्शन से करेंगे कार्यकाल की शुरूआत, अक्षय पात्र में सुनेंगे मन की बात**

आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम के संबंध में भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के पहली बार मथुरा आगमन पर पार्टी कार्यकताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसे लेकर कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मांट क्षेत्र के विधायक राजेश चौधरी के आवास पर भी उनकी मां के स्वर्गवास पर श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे।

# आर.सी.ए. बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने निकाली मतदाता जागरूकता पदयात्रा

अमन लेखनी समाचार

मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के के उपलक्ष्य में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएं योजनाधिकारी डॉ. प्रतिभा व कु. सोनम यादव के निर्देशन में मतदाता जागरूकता पदयात्रा में सम्मिलित हुई। यह पदयात्रा के. आर. डिग्री कॉलेज से प्रारंभ होकर मथुरा संग्रहालय तक गई। जहां स्वीप को-ऑर्डिनेटर डॉ पल्लवी सिंह ने स्वयंसेविकाओं को मतदाता दिवस के विषय में जागरूक किया। तत्पश्चात सभी को मतदाता शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर मथुरा के सभी महाविद्यालयों से योजनाधिकारी और स्वयंसेविक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे। इसके पश्चात आर.सी.ए. बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता दिवस हेतु माय इंडिया माय वोट थीम पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता और ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. अंजु बाला अग्रवाल ने इस




अवसर पर सभी स्वयंसेविकाओं को मतदान के लिए जागरूक करने के साथ समाज में जागरूकता फैलाने के लिए भी प्रेरित किया। सभी गतिविधियों का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. प्रतिभा व कु. सोनम यादव के द्वारा किया गया।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर युवक की गोली मारकर हत्या

## पोस्टमार्टम में 5 गोलियों की पुष्टि, शव फेंकने की आशंका

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर गांव कलछीना के पास मिले युवक के शव की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आ गई। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि युवक की पांच गोलियां मारकर हत्या की गई थी। मामले के खुलासे के लिए पुलिस ने पांच विशेष टीमों का गठन किया है। दो दिन पहले एक्सप्रेसवे पर पेट्रोलिंग कर रही टीम को गांव कलछीना के पास सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला था। शव के आसपास जानवर मंडरा रहे थे और उसे नुकसान भी पहुंचा था। पेट्रोलिंग टीम ने तत्काल इसकी सूचना भोजपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही भोजपुर थाना प्रभारी सचिन बालियान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। कुछ ही देर बाद एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस के अनुसार, शव करीब एक दिन पुराना था। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में युवक के सीने में पांच गोलियां लगने की पुष्टि हुई है। इनमें से एक गोली सीने के आर-पार निकल गई थी, जबकि चार गोलियां शरीर के अंदर ही फंसी मिलीं। पुलिस को आशंका है कि युवक की हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई और पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को एक्सप्रेसवे किनारे फेंका गया। एसीपी ने बताया कि हत्यारों की तलाश के लिए पांच पुलिस टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# कस्बे में जगह-जगह मनाया गया बसंतोत्सव

## कहीं पर भंडारा तो कहीं पर पूजा अर्चना करते नजर आए श्रद्धालु

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे अंतर्गत जगह-जगह सनातन धर्म की देवी मां सरस्वती वीणा वादिनी का पूजन संपन्न करते हुए श्रद्धालुओं ने बसंतोत्सव धूमधाम से मनाया कस्बे के विद्युत उपकेंद्र समीप स्थित पंडित स्वर्गीय शिवाकांत पाण्डेय द्वारा स्थापित मंदिर प्रांगण अंतर्गत भजन कीर्तन तथा कन्या पूजन के पश्चात विशाल भंडारा आयोजित किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रेमा पाण्डेय विनोद पाण्डेय प्रमोद पाण्डेय कुमुद महेंद्र जितेंद्र शिक्षक उमेशत्रिवेदी आदि की अगुवाई रही जहां हजारों श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन समेत महाप्रसाद को ग्रहण किया ठीक इसी प्रकार कस्बे में स्थापित मां काली जी के भव्य दरबार में प्रतिवर्ष की भांति बसंतोत्सव धूमधाम से मनाया गया मिली जानकारी के अनुसार मंदिर की स्थापना स्वर्गीय चंद्रिका प्रसाद त्रिवेदी द्वारा की गई थी जिनकी प्रेरणा से प्रेरित आयोजक हरिनारायण त्रिवेदी अवध नारायण सोनू त्रिवेदी द्वारा मां काली जी की पूजा अर्चना करते हुए कन्या पूजन के पश्चात महाभंडारे का आयोजन प्रारंभ किया गया आयोजित महा भंडारे में सर्वप्रथम कस्बे में संचालित आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों की छात्राओं को आमंत्रित कर पूजन करते हुए कन्या भोज प्रारंभ कराया गया इसके पश्चात भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद को ग्रहण किया इस मौके पर मोनू त्रिवेदी महेंद्र नाथ त्रिपाठी विवेक पाण्डेय महेश देव सुरेंद्र तिवारी श्री नारायण तिवारी अनूप पाण्डेय ओम नारायण पाण्डेय शिवम पाण्डेय विनोद अनुज त्रिवेदी गोलू त्रिवेदी अटल त्रिवेदी अभिषेक गणेश आर्य पुनीत तिवारी राजेश शर्मा समेत भारी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे

# मौरम लदे ट्रक ने युवक को रौंदा हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर, जनपद के थरियांव थाना क्षेत्र अंतर्गत श्याम नगर के समीप एक मौरम लदे ओवरलोड ट्रक ने बाइक सवार को भीषण टक्कर मार दी जहां बाइक में सवार 35 वर्षीय सर्वेश पासवान पुत्र मोतीलाल निवासी गांव सातों जोगा थाना असोथर की मौके पर ही मौत हो गई देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ जुड़ गई वहीं सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने ट्रक को हिरासत में ले लिया तथा अन्य परिजनों को सूचना दी गई सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे जहां मृत अवस्था में देख पत्नी सोनी पासवान बेटी पलक बेटा छोटू के हाल बेहाल हो गए मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने पिता के चार भाइयों में एक था जो अपने



पिता मोतीलाल पासवान और भाई के साथ बाइक से फतेहपुर जनपद के हुसैनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बेला गांव बरौहा एक अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहा था पिता तथा भाई दूसरी बाइक में थे जबकि अपनी बाइक पर मृतक अकेले ही था प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा तहरीर प्राप्त हुई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ 16 फरवरी को आंदोलन

## रामपुर फतेहपुर में किसानों की पंचायत, 10% आबादी प्लॉट पर संघर्ष तेज

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ 16 फरवरी को प्रस्तावित आंदोलन की तैयारी को लेकर रामपुर फतेहपुर गांव में किसानों की एक पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में आगामी आंदोलन की रणनीति और मुख्य मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नगर ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि किसान सभा 10 प्रतिशत आबादी प्लॉट के मुद्दे पर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने साफ कहा कि जब तक किसानों को उनका हक नहीं मिल जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। किसान सभा के महासचिव जगबीर नंबरदार ने बताया कि 16 फरवरी से शुरू होने वाले आंदोलन के प्रमुख मुद्दों में 10 प्रतिशत आबादी प्लॉट, भूमि अधिग्रहण के नए कानून के लाभों को पूरी तरह लागू करना और आबादियों का पूर्ण निस्तारण शामिल है। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने जानकारी दी कि किसान सभा और किसान संघर्ष मोर्चा के लगातार आंदोलनों के दबाव में 10 प्रतिशत आबादी प्लॉट से संबंधित प्रस्ताव ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड से पारित होकर शासन को अनुमोदन के लिए भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मंत्री स्तर की सिफारिशें पहले से ही मौजूद हैं।

# नोएडा युवराज मामला: एसआईटी टीम ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

## अधिकारियों के साथ कर सकती है बैठक, सील किए गए दोनों बिल्डरों के ऑफिस

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , इंजीनियर युवराज मेहता की मौत मामले में एसआईटी टीम सेक्टर-150 में घटनास्थल पर पहुंची। यहां मेरठ जोन से एडीजी भानू भास्कर, मंडलायुक्त भानू चंद्र गोस्वामी और पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। यहां से निकालने के बाद एसआईटी की टीम अधिकारियों के साथ बैठक की। एसआईटी को पांच दिन में रिपोर्ट फाइनल करके मुख्यमंत्री को सौंपना है। वहीं इस मामले में संबंधित प्लॉट के




दोनों बिल्डर अभय कुमार और निर्मल सिंह के कॉरपोरेट ऑफिस को सील कर दिया है। नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने आज दो और बिल्डरों को गिरफ्तार किया है। इनमें लॉट्स ग्रीन के बिल्डर रवि बंसल और सचिन कर्णवाल और विश टाउन के बिल्डर अभय कुमार को अरेस्ट किया जा चुका है। वहीं अभी दो अन्य बिल्डर फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है। वहीं दादरी विधायक तेजपाल नागर ने उट योगी को पत्र लिखा। पत्र में इंजीनियर की मौत के लिए अग्नि समन विभाग, नोएडा प्राधिकरण, आपदा प्रबंधन विभाग, जल भराव और खराब स्ट्रीट लाइट को घटना का कारण बताया गया। विधायक तेजपाल नागर ने दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की।

# सगाई से लौट रहे लोगों की ऑटो को ट्रक ने मारी टक्कर, एक किशोरी सहित दो की मौत, 13 घायल

**गुरसरांय के राममनोहर लोहिया कॉलेज के पास हुआ दर्दनाक हादसा**

अमन लेखनी समाचार




गुरसराय। गरौठा क्षेत्र के गुरसराय में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सगाई समारोह से लौट रहे लोगों से भरी एक ऑटो को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक किशोरी सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हो गए। घायलों में से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना ककरवई के कैरोखर गांव निवासी चिरंजीलाल कोरी ने बताया कि उनके छोटे भाई राकेश की बेटी रानी की सगाई गरौठा के बंगरा बिरौना गांव में तय हुई थी। शुक्रवार को गुरसराय स्थित विनीत पैलेस में सगाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें परिवार व रिश्तेदार शामिल हुए। रात करीब 10:30 बजे तक गोद भराई, फलदान और सगाई की रस्में पूरी होने के बाद सभी लोग अपने-अपने घरों के लिए रवाना हो गए। दुल्हन रानी अपने माता-पिता के साथ गुरसराय में ही रुक गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य रानी के चचेरे भाई नारायण दास के साथ ऑटो से गांव लौट रहे थे। ऑटो में कुल 16 लोग सवार थे। रात लगभग 11 बजे जब ऑटो गुरसराय से करीब दो किलोमीटर दूर डॉ. राम मनोहर लोहिया महिला महाविद्यालय के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ऑटो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में दुल्हन की चचेरी बहन जानकी गंभीर रूप से घायल हो गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सगाई कराने गए गांव के पंडित सीताराम गौतम (60) ने भी मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना में दो बच्चों सहित 13 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दुल्हन के चचेरे भाई व ऑटो चालक नारायण दास (40) की इलाज के दौरान मौत हो गई। रानी की सगाई के बाद पूरे परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन इस हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हादसे में दुल्हन के चचेरे भाई नारायण दास ऑटो चला रहे थे। उनके दो बेटे सौरभ और गौरव हैं, जो दोनों अविवाहित हैं। दुर्घटना में नारायण दास की पत्नी पार्वती, मां मन्नू और चाची शीला देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। दुर्घटना में जान गंवाने वाली किशोरी जानकी दो बहनों में सबसे छोटी थी। उसकी बड़ी बहन किरण की शादी हो चुकी है, जबकि भाई अरविंद अविवाहित है। जानकी के पिता लालाराम कोरी की 12 वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी थी। हादसे में उसकी मां जयकुंवर भी घायल हुई हैं। इस हादसे में गांव के पंडित सीताराम गौतम गांव में शादी-विवाह सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराते थे। उनके दो बेटे सत्यम और शिवम हैं। सत्यम का रिश्ता तय हो चुका है और दो महीने बाद उसकी शादी होनी है, जबकि छोटा बेटा शिवम अभी पढ़ाई कर रहा है। हादसे में घायल 13 लोगों में से 9 की हालत नाजुक बनी हुई है। जगवती (60), मन्नू (70), जयकुंवर (50), शीला देवी (40), हीरादेवी (40), शिवानी (18) और कल्लू पाल (22) का इलाज झांसी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पार्वती (39) की हालत अत्यंत गंभीर होने पर उन्हें झांसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं द्रोपदी (26), जैश (7), सचिन (3), रामवती (60) और अरविंद (20) का इलाज गुरसराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। रानी की सगाई के बाद जहां परिवार में खुशी का माहौल था, वहीं इस हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया है।

# ग्रापए के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह स्व. अखिलेश सिंह को श्रद्धांजलि देने पहुंचे आशा गांव

## प्रांतीय पदाधिकारियों ने दी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (ग्रापए) के लखनऊ मंडल अध्यक्ष रहे स्वर्गीय अखिलेश सिंह के आकस्मिक निधन से संगठन में शोक की लहर व्याप्त है। इसी क्रम में एसोसिएशन के प्रांतीय पदाधिकारियों ने उनके पैतृक गांव आशा पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष छोटेलाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमरजीत सिंह, मंडल महासचिव संजय सिंह, जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बबलू, जिला मीडिया प्रभारी नवल किशोर, तहसील संडीला अध्यक्ष मुकेश सिंह, विजयी लक्ष्मी सिंह, आशीष सिंह सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर स्व. अखिलेश सिंह के पुत्रों मुकुल सिंह एवं मुकेश सिंह को ढांढस बंधाया और संगठन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अखिलेश सिंह न केवल एक कर्मठ और जुझारू पत्रकार थे, बल्कि संगठन के लिए हमेशा समर्पित भाव से कार्य करते रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ह्वचाहे बनारस में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हो या बलिया में संस्थापक सदस्य की पुण्यतिथि, अखिलेश सिंह हर कार्यक्रम में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराते थे। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और प्रतिबद्धता सदैव स्मरणीय रहेगी ह्व प्रदेश कोषाध्यक्ष छोटेलाल ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. अखिलेश सिंह का स्वभाव अत्यंत मृदुभाषी और सहृदय था। वे सभी से आत्मीयता से मिलते थे और कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं खोते थे। उनके असमय निधन से संगठन को ऐसी क्षति हुई है, जिसकी भरपाई कर पाना कठिन है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने उनके व्यक्तित्व, पत्रकारिता के प्रति समर्पण और संगठनात्मक योगदान को याद करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। अंत में ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

# बुन्देलखण्ड कुरैठा महोत्सव को लेकर हुई पत्रकार वार्ता, 1 से 10 फरवरी तक होंगे विविध आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गुरसरांय। दिव्य प्रेम सेवा मिशन झांसी अंचल के तत्वावधान में नावली सरकार आश्रम प्रांगण, कुरैठा में 1 फरवरी से 10 फरवरी तक आयोजित होने वाले श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ सप्ताह समारोह (बुन्देलखण्ड कुरैठा महोत्सव) को लेकर शनिवार को पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक एवं बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य डा. जगदीश सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस ज्ञान यज्ञ समारोह में श्री विष्णु महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा, सामूहिक कन्या विवाह, रामलीला, कवि सम्मेलन तथा विशाल भंडारे जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन होंगे। कार्यक्रम का समापन भव्य रूप से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिव्य प्रेम सेवा मिशन न्यास, हरिद्वार द्वारा विगत वर्षों से धार्मिक एवं सामाजिक अभियानों के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने का कार्य किया जा रहा है ।इस अवसर पर गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत ने कहा कि बुन्देलखण्ड कुरैठा महोत्सव अब धार्मिक आस्था का केंद्र बनता जा रहा है, जो परिवार एवं समाज को संस्कारित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया सहित कई कैबिनेट मंत्रियों के सहभागिता करने की संभावना है वहीं सह संयोजक एवं बामौर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि केशव सिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है तथा आयोजन स्थल को आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का वाचन पूज्या साधना श्रीजी (देवी महेश्वरी) द्वारा किया जाएगा, जबकि श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन यज्ञाचार्य पं. ज्ञानेन्द्र शास्त्री (अयोध्या धाम) के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न होगा। पत्रकार वार्ता में जिला महामंत्री बद्री प्रसाद त्रिपाठी, बामौर ब्लाक प्रमुख चन्द्रभान सिंह अहिरवार, गोविन्द प्रताप सिंह राजा भैया, (प्रधान प्रतिनिधि बरारू) ,मूरतध्वज सिंह बरगांय, मानवेन्द्र सिंह (प्रधान गोकुल), जगभान सिंह (प्रधान हीरानगर), सुनील चौहान, योगेन्द्र सिंह चौहान, अमित चौरसिया, सुखदेव सिंह दीपू अस्ता, एम.एस. कुरैठा, देवेन्द्र सिंह राजू सेंगर, योगेश प्रताप सिंह चौहान, गोल्डी चंदेल, श्रीराम विश्वकर्मा, हरनाथ सिंह तोमर, कृष्ण पाल सिंह सोमवंशी, धीरेन्द्र राय, अनिल तोमर, सूरज सिंह राजावत, पुल्ले तोमर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण हेतु सोनभद्र पुलिस का व्यापक जन-जागरूकता अभियान

विंध्य ज्योति

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जनपद सोनभद्र में सोनभद्र पुलिस द्वारा सघन एवं प्रभावी जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा हैं। अभियान का मुख्य लक्ष्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँच बनाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा पुलिस सहायता तंत्र के प्रति जागरूक करना हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी (सहायक नोडल अधिकारी झ्र मिशन शक्ति 5.0)* के नेतृत्व में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं प्रमुख चौराहों पर जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न जैसे संवेदनशील विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, आपात स्थिति में त्वरित पुलिस सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं तथा आत्मरक्षा से संबंधित व्यावहारिक सुझावों से भी अवगत कराया गया। महिलाओं को बिना किसी भय के पुलिस से संपर्क करने एवं किसी भी घटना की सूचना तत्काल देने के लिए प्रेरित किया गया।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाएँ–

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

सोनभद्र पुलिस जनसामान्य से अपील करती है कि महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित किसी भी अपराध अथवा आपात स्थिति की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना या उपरोक्त हेल्पलाइन नंबरों पर दें। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं विश्वास बनाए रखना सोनभद्र पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# देश मे संविधान से बड़ा कोई नही, अर्पणा शंकराचार्य विवाद पर कहा जांच होनी चाहिए

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। महिला आयोग की उपाध्यक्ष और मुलायम सिंह की बहू अपर्णा यादव आज हरदोई पहुंची वह हरदोई में एक निजी कार्यक्रम में पहुंची थी इस दौरान उन्होंने शंकराचार्य और सीएम पर टिप्पणी को लेकर कहाकि कोई भी व्यक्ति देश के संविधान से ऊपर नही है और मुख्यमंत्री खुद एक गुरु है उनके लिए गलत नही कहना चाहिए। शंकराचार्य विवाद पर टिप्पणी करते हुए अपर्णा यादव ने कहाकि जो भी घटनाक्रम हुआ उनको जो भी पदवी सनातन धर्म में मिली शंकराचार्य की और शंकराचार्य की जो व्यवस्था है उसमें उनको उपाधि है कि नहीं है यह एक फैक्ट हमारे पास उपलब्ध नहीं है और जहां तक प्रशासनिक रूप से वहां की व्यवस्था खराब हुई तो मुझे नहीं लगता कि कोई भी व्यक्ति देश के संविधान के ऊपर है हम लोग लोकतंत्र व्यवस्था में रह रहे हैं और मुझे नहीं लगता कि किसी भी व्यक्ति को प्रशासनिक व्यवस्था को खासतौर कर कुंभ मेले की व्यवस्था माघ मेंले की व्यवस्था और इस तरह की सनातन धर्म के मेले लगते हैं कहीं ना कहीं उनमें और भी पब्लिक होती है और उनका लाइन ऑर्डर डिस्टर्ब करते हैं तो हमारे आम जनमानस को तकलीफ होती है तो मेरा मानना है की जांच का विषय है और इस पर चिंता करने और सीएम के लिए कहना बहुत गलत बात है ऐसा नहीं करना चाहिए वह भी गुरु है स्वामी जी संत हैं उनको गुस्सा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहाकि जो सनातन में गुरु पद्धति है शंकराचार्य की व्यवस्था है उसके बारे में हम सबको जानना अति आवश्यक है किसी की वैधता और किसी के बारे में यह नहीं कहा जा रहा की वैद्ध है नही है लेकिन जो व्यवस्था बनी हुई है उसको जानने का अधिकार सबके पास है और अगर वह चीज नहीं है और वह कर रहे थे जो प्रशासन की तरफ से रिपोर्ट आई है तो मुझे नहीं लगता कि कोई भी व्यक्ति हमारे संविधान से ऊपर है ।कहाकि जो व्यवस्थित शंकराचार्य हैं हमारे देश के उनकी रथ यात्रा में गई हूं सबने देखा है कि किसी प्रकार की अव्यवस्था कभी नहीं हुई परंतु अगर इस प्रकार उनके साथ हुई तो उसमें जांच करनी चाहिए क्या हुआ कैसे हुआ ।अपर्णा यादव ने कहाकि भाजपा सबका साथ सबका विकास करती हैं भाजपा सबकी पार्टी है सबका साथ सबका विकास करती है प्रधानमंत्री का मूल मंत्र है।

# शब्द पुष्प अर्पित करते हैं हम सब पर कर दे एक नजर: प्रद्युम्न त्रिपाठी



**-सोन संगीत फाउंडेशन की ओर से रामसरोवर पार्क में हुआ सरस्वती पूजन।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। सोन संगीत फाउंडेशन के अध्यक्ष सुशील मिश्रा के सौजन्य से राम सरोवर पार्क रावट्र्सगंज में वसंत पंचमी के अवसर पर साहित्य संगीत की अधिष्ठात्री देवी शारदे का भव्य दीव्य पूजन शुक्रवार सुबह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डा. धर्मवीर तिवारी एड ने वैदिक मंत्रोंचार के बीच पूजन अर्चन कर माँ से जनकल्याण की कामना की। वाणी पुत्र प्रदुम्न त्रिपाठी एड ने, सबके घर खुशियों से भर, माँ सपनों को दे दे पर, शब्द पुष्प अर्पित करते हैं, हम सब पर कर दे एक नजर सुना कर लोकमंगल की कामना की। अंगवस्त्र माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि व शायर अशोक तिवारी, कवि प्रदुम्न त्रिपाठी एड का अभिनंदन आयोजक सुशील मिश्रा ने किया। इस अवसर पर लालता प्रसाद मिश्र, सुधाकर स्वदेश प्रेम, ऋषभ त्रिपाठी, जयशंकर त्रिपाठी एड, अखिलेश कश्यप, मिथिलेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# डबल इंजन की सरकार में करोड़ों की लागत से बनी पानी की टंकी से एक बूंद पानी को तरसते ग्रामीण

**जिम्मेदारों की भेंट चढ़ी सरकारी योजना, जलापूर्ति ध्वस्त, ठेकेदार मस्त : गांववासी त्रस्त**

**करोड़ों की धनराशि स्वाहा फिर भी जलापूर्ति बाधित**

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई)। जिले के विकास खण्ड शाहाबाद के गुजीदेई गांव में भारत - सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत करोड़ों रुपये की लागत से बनी पानी की टंकी आज तक चालू नहीं हो सकी है। निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद गाव में एक दिन भी नल से पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई, जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि नल कनेक्शन तो दिए गए हैं, लेकिन पाइपलाइन का कार्य अधूरा और अव्यवस्थित होने के कारण टंकी से पानी की आपूर्ति संभव नहीं हो सकी। कई स्थानों पर पाइपलाइन अधूरी पड़ी है, जबकि कहीं पाइप जमीन के ऊपर छोड़ दिए गए हैं। इसी कारण पूरी जलापूर्ति व्यवस्था निष्क्रिय बनी हुई है। पग्रामीणों ने यह भी बताया कि पाइपलाइन डालने में हुए खड्डे ठीक से भरे नहीं गए, जिससे गलियों की स्थिति और खराब हो गई। गुजीदेई के बाशिंदों ने आरोप लगाया कि पाइपलाइन का कार्य ठेकेदारों द्वारा मनमानी तरीके से किया गया। निर्माण के दौरान तकनीकी मानकों और गुणवत्ता की अनदेखी की गई। कागजों में कार्य पूरा दिखाया गया, जबकि वास्तविकत इसके विपरीत है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को योजना का कोई लाभ नहीं मिल पाया। सबसे चिंता का विषय यह है कि गर्मी के मौसम में पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इसी टंकी से पड़ोसी गांव सूरापुर को भी जलापूर्ति जोड़ी जानी थी, लेकिन पाइपलाइन अधूरी होने के कारण पूरी व्यवस्था रुकी हुई है। इस स्थिति में गर्मी के सीजन में ग्रामीणों के लिए पानी की उपलब्धता बड़ी समस्या बनी हुई है। इस जल परियोजना का कार्य नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी (हृष्ट) द्वारा कराया जाना बताया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी के जेई व ठेकेदारों की लापरवाही के कारण पाइपलाइन अधूरी रह गई और टंकी आज तक चालू नहीं हो सकी। इस समस्या संदर्भ में जल निगम हरदोई के सहायक अभियंता विवेक मिश्र से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि गुजीदेई जल परियोजना का कार्य निमार्णाधीन है और यह तृतीय चरण में स्वीकृत हुआ था। टंकी का निर्माण पूर्ण हो चुका है। पाइपलाइन में जहां कमियां हैं, उन्हें दूर कराकर जल्द ही गांव में जलापूर्ति शुरू कराई जाएगी।

# राशन वितरण में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

अमन लेखनी समाचार



गरौठा, झांसी। गरौठा तहसील अंतर्गत ग्राम करगुंवा बुजुर्ग में सरकारी राशन वितरण को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी गरौठा को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर राशन विक्रेता पर राशन वितरण में गड़बड़ी करने और कम मात्रा में राशन देने का आरोप लगाया है ।ग्रामीणों का आरोप है कि राशन विक्रेता द्वारा उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जा रहा है। कई बार उपभोक्ताओं को यह कहकर लौटा दिया जाता है कि राशन समाप्त हो गया है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि राशन वितरण के समय न तो सही तरीके से तौल की जाती है और न ही शासन के निदेशों का पालन किया जा रहा है ।शिकायत पत्र में बताया गया है कि 18 दिसंबर 2025 को गांव वाले जब राशन लेने गए तो उनके फिंगर लगवा लिए और उनसे कहा गया कि 12 रुपए प्रति किलो के हिसाब से पैसे ले लो राशन नहीं मिलेगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राशन विक्रेता द्वारा बार-बार शिकायत करने पर उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार भी किया जाता है ।ग्रामीणों का कहना है कि इस अनियमितता के कारण गरीब और जरूरतमंद परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने उपजिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी राशन विक्रेता के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है ।शिकायत पत्र पर कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी किए गए हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करेगा।

# SIT टीम सोनभद्र द्वारा कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी प्रकरण में बड़ी कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े अपराधों एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र पर पंजीकृत मु0अ0सं0झ्र 1191/2025, धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2)(क) बीएनएस एवं धारा 27-ए, 29 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी प्रकरण में एक बड़ी एवं प्रभावी कार्यवाही की गई है। उक्त अभियोग का मुख्य अभियुक्त भोला प्रसाद पुत्र स्व0 रामदयाल, निवासी अ-9/24-ख, कायस्थ टोला, प्रह्लाद घाट, थाना आदमपुर, कमिश्नरेट वाराणसी को विदेश पलायन के प्रयास के दौरान दमदम एयरपोर्ट, कोलकाता से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार सोनभद्र में निरुद्ध किया गया है। रकळ द्वारा की गई गहन विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि अभियुक्त द्वारा कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी हेतु संगठित सिंडिकेट का संचालन करते हुए अपराध से अर्जित लगभग 28 करोड़ 50 लाख की चल एवं अचल संपत्ति अर्जित की गई है। उक्त संपत्तियों को चिन्हित करते हुए धारा 107 बीएनएसएस के अंतर्गत कुर्की हेतु माननीय न्यायालय में रिपोर्ट प्रेषित की गई थी।

# गांव से दूर बंद पक्के मकान में विवाहिता की मिली लाश

अमन लेखनी समाचार



नसीराबाद रायबरेली/थाना क्षेत्र के अंतर्गत बबुरी मजरे छतोह गांव से करीब 500 मीटर दूर बने पक्के मकान के एक कमरे में विवाहिता की लाश मिलने से लोगों में भय का माहौल है , कयास लगाया जा रहा है कि महिला ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या की है यह बात जैसे ही गांव और परिजनों को मालूम चला तो अफरातफरी मच गयी सूचना मिलने पर नसीराबाद थाना की फोर्स सलोन सिओ यदुवेंद्र और एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम एवं फॉरेंसिक टीम पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला भेज दिया मृतक का पति दुर्गा सिंह जम्मू-कश्मीर में रहकर बर्तन फैक्ट्री में मजदूरी करता है जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह उक्त गांव में उस समय अफरातफरी मच गई जब एक विवाहिता पिंका पत्नी दुर्गा सिंह देर सुबह तक दरवाजा नहीं खोला तो घर में रह रही बूढ़ी सास रामदुलारी ने गांव वालों से बताया मौके पर पहुंचे लोगो ने देखा तो दरवाजा अंदर से बंद था इसके बाद मृतका के मायके के साथ नसीराबाद पुलिस को सूचना दिया गया मौके पर पहुंचे नसीराबाद थाना अध्यक्ष पवन सोनकर कमरों के दीवाल में होल के सहारे देखा तो महिला फंदे के सहारे देखी गई उसी समय मृतक के मायके वाले भी पहुंच गए और सिओ सलोन यदुवेंद्र एवं फॉरेंसिक टीम भी पहुंची सभी के सामने सब्भल और हथौड़ा से दरवाजा तोड़ा गया तो विवाहित दम तोड़ चुकी थी फंदा खोलकर शव को नीचे उतरा गया पुलिस टीम जांच पड़ताल में लगी रही वहीं फॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटा रही थी मृतक के पिता रामू पुत्र लाल बहादुर सिंह निवासी जरैया थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ ने बताया कि बिटिया पति से दुखी रहती थी क्योंकि मोबाइल फोन से प्रताड़ित और गाली-गलौज किया करता था जिस कारण उसने आत्महत्या कर लिया मामले में सलोन सिओ यदुवेंद्र का कहना है कि मृतक के पिता रामू सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पीएम रिपोर्ट आने पर एवं जांच में जो भी सत्य तत्व निकलकर सामने आएगा उसी पर कठोर कार्रवाई होगी

### लव मैरिज मंदिर में फेरा अब जीवन समाप्त

नसीराबाद रायबरेली/गांव वासियों की माने तो मृतक और दुर्गा सिंह दोनो 29 अक्टूबर 2025 को प्रतापगढ़ के घुइसरनाथ शिव मंदिर धाम में जीवन साथी बनते हुए सात फेरा लेकर साथ जीने और मरने की कसमें खाईं लेकिन साथ निभाने वाली तीन महीने में ही जीवन समाप्त कर लिया लोग यह भी बताते हैं कि दोनों जोड़ों से मृतक के परिजनों को एतराज रहता था क्योंकि शादी से पहले दोनों लम्बे समय से एक साथ लिव इन में रहे जब परिजनों ने शादी की मंजूरी नहीं दी तो उक्त मंदिर में शादी कर गांव आकर भोज किया और दोनों पति-पत्नी के रूम में रहने लगे

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# मातृभूमि गाने के टीजर में दिखी गलवां घाटी की झलक

मुंबई। सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर काफी पहले रिलीज हो चुका है। शुक्रवार को भाईजान ने अपनी फिल्म के पहले गाने 'मातृभूमि' से जुड़ा एक टीजर साझा किया। सलमान खान ने अपनी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के पहले गाने 'मातृभूमि' का जो टीजर शेयर किया है, उसकी शुरुआत में बैगुल की आवाज सुनाई देती है। आगे गलवां घाटी और भारत का झड़ा नजर आता है। यह टीजर 15 सेकेंड का है। 'मातृभूमि' गाने को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। समीर अंजान ने इस गाने को लिखा है। अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने इसे गाया है।

लाइफ Style



# मेधा


## लंदन फाइल्स से कॅरियर की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'बॉर्डर 2' के सिनेमाघरों में रिलीज होते ही अभिनेत्री मेधा राणा सुर्खियों में आ गई थे। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे।

फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही थे। इस वॉर ड्रामा फिल्म में नवोदित अभिनेत्री मेधा राणा भी नजर आई थे। मेधा फिल्म में वरुण धवन के अपोजिट नजर आई थे। फिल्म के टीजर के बाद से ही मेधा राणा सुर्खियों में हैं और अब रिलीज के बाद लोग मेधा राणा के बारे में जानना चाहते थे। 'बॉर्डर 2' से सुर्खियां बटोरने वाली मेधा राणा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2022 में आई वेब सीरीज 'लंदन फाइल्स' से की थी। इस सीरीज में उनके साथ अभिनेता अर्जुन रामपाल प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'फ्राइडे नाइट प्लान' में बाबिल खान के साथ अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा मेधा कई ब्रांड्स के विज्ञापनों में भी नजर आई थे। अब 'बॉर्डर 2' जैसी बड़ी फिल्म में नजर आने के बाद मेधा के करियर को नई पहचान मिलने की उम्मीद है।25 दिसंबर 1999 को जन्मी मेधा एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं, जिसका सार्वजनिक क्षेत्र से गहरा संबंध था। उनके पिता सुनील राणा सरकारी कर्मचारी थे। उनकी मां ऋतु राणा ने स्किल्स एकेडमी शख्सियत की सह-स्थापना की है और उनकी एक बहन हैं, जिनका नाम प्रियंका राणा है। मेधा ने चंडीगढ़ के कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है।

## हॉलीवुड मसाला



# वन बैटल में दिखा गजब का एक्शन-थ्रिल

लॉस एंजिल्स। लियोनार्डो डिकैप्रियो की हॉलीवुड फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' में बस एक पिता का संघर्ष नहीं है, इस कहानी के जरिए अमेरिका के 60 और 80 के दशक को दिखाया गया है। कैसे उस दौर में अमेरिका बदल रहा था, कैसे अन्याय अपने चरम पर था। इस फिल्म में उस दौर की कई सामाजिक बुराइयों को भी दिखाया गया है। पॉल थॉमस एंडरसन निर्देशित इस फिल्म में गजब का एक्शन, थ्रिल देखने को मिला है। फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें कई वास्तविक क्रांतिकारी समूहों से प्रेरणा ली गई है।



# सिनर्स ने बॉक्स ऑफिस पर वसूले थे 3255 करोड़

लॉस एंजिल्स। सिनर्स फिल्म पिछले साल नॉर्थ अमेरिका में सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म ने वहां 280 मिलियन डॉलर कमाए, जबकि विदेशों में 88 मिलियन डॉलर की कमाई की। इस तरीके से इस फिल्म का कुल वर्ल्ड वाइड कलेक्शन 368 मिलियन डॉलर (3255 करोड़) पहुंच गया है। जबकि फिल्म का बजट केवल 90–100 मिलियन डॉलर है। भारत में फिल्म की कमाई 12 करोड़ हुई थी। अगर आप ओटीटी प्लेटफार्म पर सिनर्स फिल्म को देखना चाहते हैं, तो आप जियो हॉटस्टार पर इस फिल्म को स्ट्रीम कर सकते हैं। हालांकि, फिल्म हिंदी भाषा में मौजूद नहीं है। लेकिन, सबटाइटल के साथ फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इस फिल्म में माइकल बी. जॉर्डन लीड रोल में हैं।



# काले चश्मे में खूब जचीं करीना...

मुंबई। करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई थे। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। इसी बीच करीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है, जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट में कैजुअल लुक में नजर आईं। करीना कपूर खान शुक्रवार को सुबह जब मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं तो पैपराजी ने जमकर फोटो क्लिक की। इस दौरान ब्लू जींस और रेड स्वेटशर्ट में करीना बेहद स्टाइलिश नजर आईं। इस लुक को करीना ने अपने ब्लैक सनग्लासेस से इनहैंस किया है। करीना के फैंस ने उनके इस लुक पर लाल दिल वाले और फायर इमोजी शेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'क्वीन हैं बेबो', एक दूसरे फैन ने पूछा, 'कब रिलीज हो रही है आपकी फिल्म 'दायरा।'



# बेटे को वर्दी में देख भावुक हो गए सुनील...

मुंबई। साल 1997 में रिलीज हुई 'बॉर्डर' के सीक्वल नें बेटे अहान शेट्टी के काम को देखकर सुनील शेट्टी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। उन्होंने 29 साल पहले जेपी दत्ता की मूवी में काम किया था। लेकिन, उनके किरदार की मौत हो गई थी, जिससे वह इस बार इसका हिस्सा नहीं बन सके। मगर लाडले के लिए उन्होंने भावुक पोस्ट किया है और मन की भावनाओं को खुलकर जाहिर किया है। एक्टर ने लिखा, मेरे बेटे, आज मैं तुमको बताता हूं कि मेरे लिए बॉर्डर एक फिल्म नहीं थी, जिसमें मैंने काम किया। ये एक जिम्मेदारी बन गई थी, जो मैंने कैमरा के बंद होने के बाद भी निभाई। सालों बाद, तुमको वर्दी पहने देखने से ये बात साबित होती है कि ये सिर्फ नॉस्टैल्जिया नहीं है, बल्कि एक रिमाइंडर है। अनुशासन का, बलिदान का, मौन का और साहस का।'

## टीवी मसाला

# एक्टिंग से खुश हूं, लेकिन एक्टर न होता तो आर्किटेक्ट होता : पार्थ

नई दिल्ली। कलर्स के शो सहर होने को है से चर्चा में आए अभिनेता पार्थ समथान ने अपने किरदार माहिद और अब तक के कॅरियर पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि माहिद का किरदार काफी अलग है। बचपन में उसके साथ कई दर्दनाक घटनाएं हुई हैं, जिनसे वह आज तक उबर नहीं पाया। मां-बाप से दूर होना पड़ा, इसी वजह से वह प्यार से दूरी बनाए रखता है। माहिद गलत के खिलाफ खड़ा होता है और इंसाफ में विश्वास रखता है, हालांकि उसका तरीका थोड़ा अलग है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें और शो को जो प्यार मिल रहा है, उससे वह बहुत खुश हैं। शो कैसी ये यारियां से चर्चा से आए पार्थ ने करियर को लेकर कहा कि पिछले 10–12 सालों में बहुत कुछ बदला है। उन्होंने सीखा है कि इंसान को कहीं भी हो, सीखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। इन सालों में उन्होंने अपने काम और किरदारों से बहुत कुछ सीखा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने 12 साल पहले एक्टिंग को करियर के रूप में चुना और उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अगर एक्टर नहीं होते तो? इस सवाल पर पार्थ ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह आर्किटेक्ट होते। हालांकि, उन्होंने मजाक में कहा कि यह पेशा उनके लिए थोड़ा टॉर्चर जैसा होता। कहा- मै अक्सर मजाक मे आर्किटेक्चर को 'आर्किटॉर्चर' कहता था। उन्होंने बताया कि आर्किटेक्चर की पढ़ाई और शुरुआती साल काफी मेहनत भरे होते हैं। इसी वजह से वह अपने फैंस के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने उन्हें बतौर एक्टर इतना प्यार दिया।



## लाफ्टर शेफ्स 3 में हुई नई एंट्री

नई दिल्ली। कुकिंग का कॉमेडी शो 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रहा है। इस शो में 7 जोड़ियां यानी 14 कंटेस्टेंट्स हैं, जिनमें से अब 5 कंटेस्टेंट्स आपको 31 जनवरी के एपिसोड में नजर नहीं आएंगे। उन्होंने अपनी किसी न किसी वजह से इस शो को बीच में अलविदा कह दिया है और उसकी जगह सावन ने ले ली है। जिसके बारे में होस्ट भारती सिंह ने बताया है। 'लाफ्टर शेफ्स 3' का फाइनल फेस ऑफ 24 जनवरी और 25 जनवरी को टेलीकास्ट होगा। जिसमें से टीम छूरी या फिर टीम कांटा में से कोई एक जीतेगा और उसे चमचमाती ट्रॉफी मिलेगी। इसके बाद 31 जनवरी को प्रसारित होने वाले एपिसोड में पांच पुराने सदस्यों को नए सदस्य रिप्लेस करेंगे और शो फिर से दिलचस्प हो जाएगा। ईशा मालवीय, ईशा सिंह, देबिना बनर्जी, विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी ने 'लाफ्टर शेफ्स 3' को छोड़ दिया है। अब उनकी जगह सावन यानी सुदेश लहरी, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, अर्जुन बिजलानी और निया शर्मा दिखाई देंगे। एल्विश यादव के पार्टनर अर्जुन बनेंगे और बाकी चारों जोड़ियो में पुराने सीजन की यादें ताजा करेंगे। इनके आने से फैंस भी बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। शो को छोड़ने वाले पांचों कंटेस्टेंट्स की बात करें तो वो सभी उतने मिलनसार नहीं थे, जितने बाकी सब रहे। उन्होंने न तो ज्यादा स्टार्स जीते और न ही दर्शको का उतना मनोरंजन किया, जिससे उनके जाने से किसी को फर्क पड़े।



# सिनेमाघरों में कपड़े उतार कर नाचे फैंस अजित कुमार को कोल्ड ड्रिंक से नहलाया

मुंबई। शुक्रवार को सिनेमाघरों में साउथ के अभिनेता अजित कुमार की एक फिल्म दोबारा रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस जश्न मना रहे थे। साउथ के अभिनेता और रेसर अजित कुमार की बड़ी फैन फॉलोइंग है। फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते थे। ऐसे में अभिनेता की साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'मनकथा' 23 जनवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस ने जबरदस्त उत्साह दिखाया है। फैंस अजित की फिल्म देखकर सिनेमाघरों में डांस करते, सीटी बजाते और चीखते नजर आए। अजित कुमार के फैंस जब सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने पहुंचे तो उन्होंने अजित कुमार के पोस्टर पर दूध और कोल्ड ड्रिंक डाला। कई फैंस थिएटर के अंदर कॉन्फेटी उड़ाते हुए नजर आए। डायरेक्टर अधिक रविचंद्रन, जिन्होंने अजित की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' का निर्देशन किया है, वह एक्टर के मैनेजर सुरेश चंद्र के साथ कमला सिनेमाज गए, ताकि फैंस के साथ 'मनकथा' की री-रिलीज का जश्न मना सकें। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि फैंस स्क्रीन के पास फिल्म के गानों पर नाचते हुए दिख रहे थे। सिर्फ तमिलनाडु में ही नहीं, केरल में भी फैंस को फिल्म की री-रिलीज का जश्न मनाते हुए देखा गया। आपको बता दें कि 'मनकथा' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसे वेंकट प्रभु ने लिखा और इसका निर्देशन किया है। फिल्म की स्टार कास्ट में अजित कुमार, अर्जुन सरजा, तृषा कृष्णन, लक्ष्मी राय, अंजलि और जयप्रकाश थे। इसके गाने आज भी दर्शकों के जेहन में ताजा थे। आखिरी बार अजित कुमार फिल्म 'गुड बैड अग्ली' 2025 में नजर आए थे। उन्होंने रेसिंग कमिटमेंट्स की वजह से काम से ब्रेक लिया था।



# बॉर्डर 2 का दर्शकों पर चला जादू सनी के अभिनय का दिखा दम

मुंबई। सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। यह साल 1997 में आई फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' पर नेटिजन्स के शुरुआती रिएक्शन देखकर साफ है कि इस फिल्म का जादू उन पर चल गया है। दर्शक पुरानी यादों में खो गए थे। कुछ दर्शक इसे 'बॉर्डर' से भी बढ़कर बता रहे थे। दर्शक इसे रोंगटे खड़े कर देने वाली फिल्म बता रहे हैं और लिख रहे हैं कि इसे देखकर आंखें नम हो जाएंगी। सनी देओल के अभिनय का दम दिखा है। एक यूजर ने लिखा है, 'इस फिल्म को परिवार के साथ जरूर देखा जाना चाहिए। यह फिल्म देखते हुए थिएटर मानो किसी स्टेडियम में बदल जाता है। डायलॉग इतने दमदार हैं कि लोग सीटी बजाते हैं और तालियां गूंजती हैं'। फिल्म 'बॉर्डर 2' में सिर्फ सनी देओल ही नहीं, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत ने भी कमाल का काम किया है। एक यूजर ने लिखा है, 'सनी देओल ने पर्दे पर आग लगा दी। वरुण धवन भी सरप्राइज करते थे। उनकी एक्टिंग देखकर ट्रोल करने वालों की बोलती बंद हो जाएगी। फिल्म का क्लाइमैक्स जबर्दस्त है'। यूजर कह रहे हैं कि फिल्म 'बॉर्डर 2', साल 1997 की 'बॉर्डर' को शानदार ट्रिब्यूट है। इमोशंस इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं, बस पहली वाली फिल्म से इसकी तुलना मत करिएगा। वहीं, एक यूजर ने लिखा है कि इस फिल्म में 'बॉर्डर 2' की विरासत को बहुत शानदार तरीके से संभाला गया है। फिल्म की कहानी, सितारों के अभिनय के अलावा फिल्म का संगीत भी दर्शकों को पसंद आया है। 'मिट्टी के बेटे' सॉन्ग दर्शकों को सबसे दमदार लगा है। हालांकि, यह भावुक भी करता है। फिल्म देखकर लौटे दर्शक हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए बाहर निकल रहे थे। यूजर्स दावा कर रहे हैं कि यह फिल्म ब्लॉकबस्टर होगी।



## गुंजन सक्सेना से लेकर नीरजा तक में दिखा नारी शक्ति का साहस

# कई फिल्मों में नजर आया देशभक्ति का जज्बा

नई दिल्ली। बॉलीवुड मे कई फिल्मे बनी है, जिनमे देशभक्ति का जज्बा, अपने देश के लिए बलिदान की कहानी दिखाई गई है। ऐसी कुछ महिला प्रधान फिल्में भी बड़े पर्दे पर देखने को मिली हैं। यह फिल्में दिखाती है कि कैसे नारीशक्ति अपने देश के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहती है। यह फिल्में आम महिलाओं को भी प्रेरित करती हैं। देश के लिए बलिदान देने वालों में महिलाएं और पुरुष दोनों ही शामिल रहे हैं। यह देश गणतंत्र बन सका, इसमें भी दोनों की भागीदारी बराबर रही। सिनेमा के पर्दे पर भी ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिसमें नारी शक्ति ने बलिदान, साहस की मिसाल पेश किए। देशभक्ति का जज्बा ऐसी फिल्मों में नजर आया।

### गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल

साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल' में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। इस सपने को पूरा करने में उसे अपने पिता (पंकज त्रिपाठी) का साथ मिलता है। असल गुंजन सक्सेना ने कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। वह कारगिल युद्ध के दौरान युद्ध क्षेत्र में उड़ान भरने वाली पहली महिला एयरफोर्स ऑफिसर थीं। गुंजन 900 से ज्यादा घायल सैनिकों को कारगिल क्षेत्र से निकालने वाले ऑपरेशन का हिस्सा रही थीं।

**तेजस** : साल 2023 में कंगना रनौत की फिल्म 'तेजस' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने एक इंडियन एयरफोर्स ऑफिसर तेजस गिल का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका किरदार एक भारतीय जासूस को रेसक्यू करता है। फिल्म 'तेजस' को सर्वेश मेवड़ा ने लिखा और निर्देशित किया था।







### परमाणुः द स्टोरी ऑफ पोखरन

2018 में आई फिल्म 'परमाणु : द स्टोरी ऑफ पोखरन' में डायना पेंटी ने इंटेलीजेंस ब्यूरो की कैप्टन अंबालिका बंद्योपाध्याय नाम का एक फिक्शन किरदार निभाया था। इस फिल्म मे वो एक सख्त इंटेलीजेंस ऑफिसर के रोल में नजर आई। वह पोखरन में हुए परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाती हैं।

**राजी** : आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'राजी' साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को पसंद आई। फिल्म में आलिया भट्ट ने सहमत नाम की भारतीय जासूस का किरदार निभाया था। यह फिल्म हरिंदर सिक्का की किताब 'कॉलिंग सहमत' पर आधारित थी। सहमत जासूरी मिशन पर पाकिस्तान जाती है। पाकिस्तान के एक आर्मी ऑफिसर फैमिली की बहू बनती है। यहां रहकर वह हिंदुस्तान के लिए जरूरी जानकारी जुटाती हैं। देश तक वह जानकारी पहुंचाती है। यह फिल्म एक महिला के अपने देश के लिए असीम प्यार को दिखती है।

### आर्टिकल 370

*दो साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'आर्टिकल 370' में यामी गौतम ने एनआईए एजेंट जूनी हक्सर का किरदार निभाया था। यह फिल्म फिल्म सत्य घटनाओं से प्रेरित बताई जाती है। इस फिल्म के अलावा 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' में भी यामी ने एक भारतीय खुफिया अधिकारी जैस्मिन अल्मेड़ा का किरदार निभाया था। फिल्म में विक्की कौशल लीड रोल में थे लेकिन यामी का किरदार भी काफी अहम था।*

### नीरजा भनोट

*2016 में रिलीज हुई फिल्म 'नीरजा' में सोनम कपूर ने लीड रोल निभाया था। राम माधवानी निर्देशित इस फिल्म की कहानी एयर होस्टेस नीरजा भनोट की पर थी। नीरजा ने 1986 में हाईजैक हुए प्लेन में फंसे यात्रियों की जान बचाई। इस प्लेन में मौजूद 379 लोगों में से 359 बच गए थे। लेकिन आतंकवादियों का सामना करते हुए नीरजा ने अपनी जान गंवा दी थी।*